आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 39 ● कटनी ● सोमवार, 13 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## गोवा के जंगलों में लगी आग एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर तैनात

**पणजी, ईएमएस।** गोवा के जंगल में लगातार एक हफ्ते से आग लगी हुई है। यह आग लगातार बढ़ती जा रही है। इसे बुझाने के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। IAF के Mi-17 हेलीकॉप्टर ने रविवार को आग से प्रभावित क्षेत्रों में 48600 लीटर से अधिक पानी डाला और आग को बुझाने की कोशिश की।

## केरल के कन्नूर जिले में बम विस्फोट से 2 घायल

**कन्नूर, ईएमएस।** केरल के कन्नूर जिले में एक बम विस्फोट में दो लोग घायल हो गए। यह घटना रविवार शाम की है। विस्फोट में संतोष और उनकी पत्नी लसिता को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### भोपाल में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

## महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते क्राइम के मुद्दे पर करेंगे राजभवन का घेराव

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के निलंबन के बाद कांग्रेस भड़की हुई है। आज यानी 13 मार्च को भोपाल में पीसीसी चीफ कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी राजभवन का घेराव करेगी। जवाहर चौक पर दोपहर जनसभा होगी। इसके बाद कांग्रेस विधायक और कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए राजभवन जाएंगे। कांग्रेस के प्रदर्शन के कारण भोपाल में कुछ रूट्स पर ट्रैफिक भी डायवर्ट रहेगा। प्रदेश कांग्रेस की ओर से सभी कांग्रेस विधायकों को पत्र लिखकर ये निर्देश दिए गए हैं कि अपने विधानसभा क्षेत्र से आने वाले कार्यकर्ताओं के ठहरने और भोजन की व्यवस्था करें। कांग्रेस संगठन की ओर से सभी विधायकों, पूर्व विधानसभा और लोकसभा प्रत्याशियों को कार्यकर्ताओं को भोपाल लाने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल समेत तमाम प्रकोष्ठ और विभागों के पदाधिकारियों को भी लोगों को लाने की जिम्मेदारी दी गई है।



### बीजेपी अध्यक्ष ने कसा तंज

कांग्रेस द्वारा किए जा रहे राजभवन घेराव पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस यह दिखा देना चाहती है कि उसके पास अब मुद्दा नहीं है। वह सिर्फ झूठ और छल-कपट की राजनीति ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें इस तरह काम कर रही हैं कि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ यह बता सकती हैं कि किस पंचायत में, किस गांव में हमने क्या काम किया है। किस तरह गरीबों का जीवन बदलने के अभियान को साकार किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश में तो भाजपा सरकार जिन लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, उनका ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करके लाभ दिला रही है।

### इन मुद्दों पर है आज का पैदल मार्च

कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा उद्योगपति गौतम अडाणी के पक्ष में अपनाई गई क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के बाद गरीब और मध्यम वर्ग के करोड़ों भारतीयों की बचत खतरे में पड़ गई है। देश में बढती महंगाई, प्रदेश में व्याप्त बेरोजगारी, तनावग्रस्त किसान, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछ?ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार, रेप, मर्डर, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लूट, डकैती सहित भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण आमजन परेशान है। भाजपा और संघ विचारधारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग और उनकी छवि धूमिल करने पर आमादा है। लिहाजा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उक्त घेराव-विशाल मार्च आयोजित किया जा रहा है।

### ऑस्कर सेरेमनी भारत को पहली बार दो अवॉर्ड

## नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग द एलिफेंट व्हिस्परर्स बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री

■ लास एंजिलिस, एजेंसी।

95वें ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी से सोमवार सुबह भारत के लिए अच्छी खबर आई। फिल्म आरआरआर के गाने नाटू-नाटू ने बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड जीता। वहीं, द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म बनी। हालांकि, डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म ऑल दैट ब्रीथ्स रेस से बाहर हो गई है। ऑस्कर अवॉर्ड में इन तीन कैटेगरी में भारत को नॉमिनेशन मिला था। नाटू-नाटू को इससे पहले गोल्डन ग्लोब्स अवॉर्ड में बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का खिताब मिला था। ऑस्कर सेरेमनी में RRR के नाटू-नाटू गाना लिखने वाले चंद्रबोस और कंपोजर एमएम कीरवानी ने ट्रॉफी ली। लॉस एंजलिस में हो रहे इस अवॉर्ड शो में ढेरों हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक के सितारों पहुंचे हैं। अपने बेस्ट और फैशनेबल लुक में स्टार्स ने शैम्पेन कलर की कार्पेट पर एंट्री ली। इस बार सेरेमनी में रेड कार्पेट को जगह नहीं दी गई है। दीपिका पादुकोण इस साल प्रेजेंटर के तौर पर सेरेमनी का हिस्सा बनी हैं। यह सेरेमनी सोमवार सुबह 5.30 बजे से लॉस एंजिलिस में शुरू हुई। इससे पहले आरआरआर के गाने नाटू-नाटू पर काल-राहुल ने लाइव परफॉरमेंस दी। जैसे ही परफॉर्मेंस शुरू हुई, दर्शकों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। एकेडमी अवॉर्ड के ट्विटर हैंडल के जरिए होने वाली लाइव स्ट्रीमिंग इंडिया में नहीं दिखाई दे रही है। पोस्ट को ओपन करने पर एक मैसेज डिस्प्ले हो रहा है-।





### गुनीत ने कहा- भारत के लिए 2 महिलाओं ने कर दिखाया

द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का अवॉर्ड जीत लिया है। इसे कार्तिकी गोंजाल्विस ने डायरेक्ट और गुनीत मोंगा ने प्रोड्यूस किया है। गुनीत ने कहा- भारत के लिए 2 महिलाओं ने कर दिखाया। मुझे अभी भी यकीन नहीं हो रहा है। ये गुनीत की दूसरी फिल्म है, जिसे ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। इससे पहले उनकी फिल्म पीरियड एंड ऑफ सेंटेंस को 2019 में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शार्ट फिल्म की कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड मिला था। इस फिल्म की कहानी दक्षिण भारत के कपल बोमन और बेली की है, जो एक रघु नाम के अनाथ छोटे हाथी की देखभाल करते हैं। इस फिल्म के जरिए इंसान और जानवरों के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है।

## सेम सेक्स मैरिज पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सेम सेक्स मैरिज को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। रविवार को केंद्र सरकार ने हलफनामा दाखिल कर इसका विरोध किया था। न्यूज एजेंसी के मुताबिक केंद्र ने 56 पन्नों के हलफनामे में कहा कि सेम सेक्स मैरिज भारतीय परंपरा के मुताबिक नहीं है। यह पति-पत्नी और उनसे पैदा हुए बच्चों के कॉन्सेप्ट से मेल नहीं खाती।केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में समाज की वर्तमान स्थिति का भी जिक्र किया। केंद्र ने कहा- अभी के समय में समाज में कई तरह की शादियों या संबंधों को अपनाया जा रहा है। हमें इस पर आपत्ति नहीं है।



## सिक्किम में सेना का ऑपरेशन हिम राहत

■ गंगटोक, एजेंसी।

**स्नोफॉल के कारण फंसे 370 टूरिस्ट को बचाया**

सिक्किम में फंसे 370 टूरिस्ट को रविवार को सेना ने बचा लिया। ये सभी नाथुला और त्सोमगो झील से गंगटोक लौट रहे थे। शनिवार शाम को भारी स्नोफॉल के कारण फंस गए थे। इनकी मदद के लिए सेना और पुलिस पहुंच गई थी। सेना ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस की मदद से ऑपरेशन हिम राहत चलाकर सभी को बचा लिया।भारतीय सेना की त्रिशक्ति कॉर्प्स ने फंसे हुए पर्यटकों को ठहरने की जगह, मेडिकल हेल्प, गर्म कपड़े और भोजन दिया।पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम को नाथुला और त्सोमगो झील से वापस सिक्किम की राजधानी की यात्रा कर रहे लगभग 900 पर्यटक भारी हिमपात के कारण फंस गए थे। सेना ने शाम को 15 वाहनों को वहां से आगे निकालने में मदद की। पूर्वी सिक्किम में हुई भारी बर्फबारी के कारण प्रशासन ने हाल ही में कई दिनों तक नाथुला और त्सोमगो झील के लिए पास जारी करना बंद कर दिया है।

## लंदन में राहुल के दिए बयान पर संसद में हंगामा

**नई दिल्ली, ईएमएस।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गया। एक तरफ विपक्ष के नेताओं ने अडाणी और अन्य



मामलों को लेकर संसद के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। वहीं संसद के दोनों सदनों में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर माफी की मांग की गई। हंगामे को देखते हुए दोनों सदनों को दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दिया गया।उल्लेखनीय है कि इसी महीने की शुरुआत में राहुल गांधी 3 दिन के लंदन दौरे पर थे। यहां उन्होंने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कहा था कि संसद में माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष अपनी आवाज नहीं रख सकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का कोई नेता किसी भी यूनिवर्सिटी में बोल नहीं सकता है। भारत में लोकतंत्र पर सीधा प्रहार हो रहा है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से माफी की मांग की गई। लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने लंदन में भारत का अपमान किया है।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732



## सतीश कौशिक की मौत मामले में मालू फार्महाउस पहुंची पुलिस

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

**गार्ड और स्टाफ से की पूछताछ**

दिल्ली पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक की मौत के मामले में जांच शुरु कर दी है। दिल्ली पुलिस की एक टीम विकास मालू के फार्महाउस पहुंची और उस दिन मौजूद स्टाफ और गार्ड से पूछताछ की। उन्होंने गेट पर मौजूद इंट्री रजिस्टर भी चेक किया। आपको बता दें कि इसी फार्म हाउस में सतीश कौशिक की मौत हुई थी। उनकी मौत के बाद इस फार्म हाउस के मालिक विकास मालू की पत्नी ने दिल्ली पुलिस से शिकायत की है। पुलिस सूत्रों ने बताया था कि जो लोग सतीश कौशिक को अस्पताल लेकर गए पुलिस उनसे संपर्क में है। पुलिस इस मामले में कई एंगल से जांच कर रही है। विकास मालू की पत्नी ने दावा किया है कि 23 अगस्त 2022 में दुबई में विकास मालू ने पार्टी की थी जिसमें सतीश कौशिक मौजूद थे। उस पार्टी में दाऊद इब्राहिम का बेटा अनस भी मौजूद था। विकास मालू की पत्नी का दावा है कि इसी पार्टी से पहले सतीश कौशिक विकास मालू के घर गए थे और 15 करोड़ रुपये को लेकर बहस हुई थी। वैसे विकास मालू की पत्नी का अपने पति से विवाद चल रहा है और उसने अपने पति के खिलाफ रेप का केस दर्ज करवाया था।

## अडाणी ग्रुप ने चुकाया 2.15 अरब डॉलर का कर्ज

### अंबुजा सीमेंट के अधिग्रहण से जुड़ा 500 मिलियन डॉलर का भी भुगतान किया

■ नई दिल्ली, एजेंसी।



अडाणी ग्रुप ने 2.15 अरब डॉलर के मार्जिन लिंक्ड शेयर बैक्ड फाइनेंसिंग (स्टॉक के बदले लिया गया पैसा) का पेमेंट कर दिया है। समूह ने इसका भुगतान करने के लिए 31 मार्च 2023 तक का समय लिया था, लेकिन समय से पहले ही भुगतान कर दिया गया। ग्रुप ने हाल ही में ऐसे कई कदम उठाए हैं जिससे इन्वेस्टर्स का भरोसा जीता जा सके। कंपनी का यह कदम उसी से जोड़कर देखा जा रहा है।अडाणी ग्रुप ने बताया कि उसने अंबुजा सीमेंट अधिग्रहण के लिए जो 500 मिलियन डॉलर की आर्थिक मदद ली थी, उसका भी भुगतान कर दिया है। जारी बयान में कहा गया कि ऐसा कंपनी में इक्विटी योगदान को बढ़ाने के प्रमोटर्स के वादे को पूरा करने के लिए किया गया है। अडाणी ग्रुप ने पिछले साल सितंबर में अंबुजा सीमेंट और एसीसी में होल्सिम ग्रुप की पूरी हिस्सेदारी खरीद ली थी। यह सौदा अडानी ग्रुप ने 10.5 अरब डॉलर में किया था।

## महिलाओं को आरएसएस की शाखाओं में लाने की तैयारी

### सह सरकार्यवाह बोले- 6 साल में 7 लाख लोगों ने की संघ से जुड़ने की रिक्वेस्ट

■ पानीपत, एजेंसी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बेहद महत्वपूर्ण बैठक रविवार सुबह से हरियाणा में शुरू हो गई। इसमें आरएसएस की शाखाओं में महिलाओं को शामिल करने पर चर्चा हुई। पानीपत के समालखा एरिया में हो रही यह मीटिंग 14 मार्च तक चलेगी। मीटिंग में आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पहुंचे। मीटिंग से पहले सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने बताया कि बीते 6 बरसों में 2017 से 2022 तक 7 लाख 25 हजार लोगों ने आरएसएस से जुड़ने को लेकर संघ की वेबसाइट पर रिक्वेस्ट डाली है। यानी हर साल 1 लाख 20 हजार लोगों ने संघ से जु?ने में रुचि दिखाई। इनमें से ज्यादातर की उम्र 20 से 35 साल के बीच रही। इनमें से 75त्न का मकसद संघ से जुड़कर समाज सेवा करना रहा।



### लोकसभा चुनाव से पहले टॉप लीडरशिप की आखिरी बड़ी मीटिंग

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले RSS की टॉप लीडरशिप की यह आखिरी बड़ी मीटिंग है। इस लिहाज से इसमें संघ और भाजपा के बीच को-ऑर्डिनेशन का काम करने वाले कुछ चेहरे बदलने के साथ-साथ आरएसएस में भी कुछ लोगों की जिम्मेदारियां बदलने का फैसला हो सकता है।

### एक साल में एक लाख जगह तक पहुंचना संघ का टारगेट

डॉ. वैद्य ने कहा कि 2025 में संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस समय संघ देशभर में 71 हजार से ज्यादा जगह पर प्रत्यक्ष तौर पर काम करके समाज को बदलने में अपनी भूमिका निभा रहा है। संघ का टारगेट अगले एक साल में एक लाख जगह तक पहुंचने का है। कोरोना के बाद देश में संघ का काम बढ़ा है। 109 जगह संघ के शिक्षा वर्ग होंगे और 20 हजार स्वयंसेवकों के ट्रेनिंग लेने का अनुमान है।

## आज से मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण

### राज्यपाल के अभिभाषण और बजट पर होगी चर्चा

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश विधानभा के बजट सत्र सोमवार से फिर से शुरू हो गया । बजट सत्र में त्यौहार होने के चलते नौ दिन बाद फिर विधानसभा लगेगी। बजट सत्र के पांच दिन बीत चुके है। सत्र के आठ दिन बचे हैं, लेकिन अभी अहम मुद्दों पर चर्चा बाकी है ।बजट सत्र में अभी राज्यपाल के अभिभाषण समेत विभिन्न कानूनों पर चर्चा होना बाकी है। विधानसभा सत्र के चौथे दिन कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के निलंबन के बाद सत्र में हंगामा हो गया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा के नियमावली फेंकने और विपक्ष के सदस्य सज्जन सिंह वर्मा के सदन की नियमावली को फाड़ कर हवा फेकने से सत्र हंगामे की भेट चढ़ गया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा, सज्जन सिंह वर्मा और विजयालक्ष्मी साधो के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव सदन में लंबित है। वहीं, विपक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव भी दिया है। होली और रंग पंचमी की छुट्टी के बाद सोमवार से फिर शुरू हुए सत्र में बजट और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए समाधान निकालने का प्रयास भी किया जा रहा है।

### एक व्यक्ति की दो पत्नियों के बीच अनौखा समझौता

## पति के साथ रहने हफ्ते में 3-3 दिन बांटे

■ ग्वालियर, ईएमएस।

कुटुंब न्यायालय में एक रोचक मामला सामने आया है। न्यायालय में केस पहुंचने से पहले ही काउंसलर ने दोनों के बीच सुलह करा दी। पत्नियों ने हफ्ते के तीन-तीन दिन आपस में बांट लिए। रविवार को पति की छुट्टी रहेगी। वह अपने इच्छा के अनुसार कहीं भी रुक सकता है। पत्नियों का प्रतिबंध नहीं रहेगा। दोनों पत्नियों के साथ रह सके उसके लिए दोनों को गुरुग्राम में एक-एक फ्लैट दिया है। पति-पत्नी के बीच सुलह कराने के लिए कुटुंब न्यायालय के काउंसलर हरीश दीवान व उनकी पत्नी बबीता दीवान ने पांच बार काउंसलिंग की। सुलह के लिए दोनों के बीच रास्ता निकाला। दरअसल मामला इस प्रकार है कि रुचि (परिवर्तित नाम) का विवाह 2018 में हुआ था। पत्नी मल्टीनेशन कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर है। वेतन के रूप में मोटी रकम मिलती थी। रुचि दो साल तक पति के साथ रही। उनका एक बच्चा था। 2020 में रुचि को उसका पति ग्वालियर छोड़ गया, उसके बाद साथ नहीं ले गया। कंपनी में साथ काम करने वाली महिला कर्मचारी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने के बाद विवाह कर लिया। दूसरी पत्नी से भी एक लड़की का जन्म हुआ।





### पति को यह बताई समस्या, नौकरी भी जा सकती है

- दीवान ने बताया कि पहली पत्नी को तलाक दिए बगैर दूसरी पत्नी को कानूनी दर्जा नहीं मिल सकता है। पहली पत्नी दहेज प्रताड़ना सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज करा सकती है।
- पहली पत्नी कुटुंब न्यायालय में भी केस दायर कर सकती है। पुलिस व न्यायालय में लगातार चक्कर काटने पड़ेंगे। इससे नौकरी प्रभावित होगी।
- न्यायालयीन प्रक्रिया का लंबे समय तक सामना करने से परेशान हो जाओगे। द्वा
- दीवान ने दोनों पत्नियों को साथ रखने का बीच का रास्ता बताया। पति के पास दो फ्लैट थे, जिसमें एक-एक फ्लैट पत्नियों के बीच बांट दिया।
- पहली पत्नी पढ़ी लिखी होने की वजह से नौकरी की भी स्वतंत्रता रहेगी।
- पति तीन-तीन दिन पत्नियों के यहां रुकेगा, एक दिन वह अपने अनुसार बिता सकता है।





## जम्मू-कश्मीर में कारपेंटर ने महिला के टुकड़े-टुकड़े कर बॉडी पार्ट्स फेंके

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले से श्रद्धा मर्डर जैसा मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने एक महिला के शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और उन्हें अलग-अलग जगह पर फेंक दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी शख्स का नाम शाबिर अहमद है और उसकी उम्र 45 साल है। वह पेशे से एक कारपेंटर है। हाल ही में उस महिला की सगाई हुई थी, जिससे अहमद खुश नहीं था।महिला 7 मार्च को लापता हुई थी, जिसके बाद परिवार वालों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब अहमद को गिरफ्तार कर सवाल किए तो असलियत सामने आई। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कई जगहों से बॉडी पार्ट्स बरामद कर लिए हैं। 30 साल की इस महिला की हत्या के बाद सैंकड़ों लोग आरोपी के घर के बाहर इकट्ठे होकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। वे अहमद को फांसी पर लटकाने की मांग कर रहे हैं।

## अब कोरोना ने दे दी टेंशन, 114 दिन में पहली बार सामने आए ज्यादा मामले

### एक दिन में कोरोना केस 500 के पार पहुंचे

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत में एक बार फिर कोरोना के मामलों में उछाल देखा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 114 दिन में पहली बार देशभर में शनिवार को डेली केसेज 500 के पार पहुंच गए। पिछले 11 दिनों में सात दिन का औसत भी डबल हो गया है। हालांकि तुलनात्मक रूप से देखें तो कुल संख्या अब भी कम है और संक्रमण के चलते मौतों की संख्या में बढ़ोतरी नहीं देखी गई है। पिछले सात दिन में 6 मौतें हुई हैं। पिछले साल 18 नवंबर के बाद भारत में शनिवार को सबसे ज्यादा 524 मामले सामने आए। बीते सात दिनों में 2,671 नए मामले दर्ज किए गए हैं, यह आंकड़ा उससे पहले सात दिनों में आए 1802 केस से करीब 50 प्रतिशत ज्यादा है।कोरोना के मामले ऐसे समय में बढ़ रहे हैं जब एच3एन2 इन्फ्लुएंजा से दो लोगों की मौत हो चुकी है। इसके भी लक्षण कोरोना की तरह ही हैं। फरीदाबाद, गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। रविवार को गुड़गांव में कोरोना के तीन नए मरीज मिले। भारत में केस बढ़ने के मद्देनजर केंद्र सरकार ने राज्यों को एडवाइजरी भी जारी कर दी है। नीति आयोग ने दवा और ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। लोगों को कोरोना की तरह ही नाक-मुंह ढकने, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने की सलाह दी जा रही है।इधर, चार हफ्ते से देश में धीरे-धीरे कोविड के मामले भी बढ़ने लगे हैं। इससे पहले पिछले साल जून-जुलाई में संक्रमण में वृद्धि देखी गई थी। महाराष्ट्र और कई दक्षिणी राज्यों में ज्यादा मामले मिल रहे हैं। शनिवार को बीते सप्ताह में तीन राज्यों में ही 500 से ज्यादा मामले पता चले। इनमें कर्नाटक में 584, केरल में 520 और महाराष्ट्र में 512 हैं।इस दौरान कम से कम 100 नए केस आने वाले राज्यों में गुजरात सबसे ऊपर है। वहां केसेज 48 से बढ़कर 190 पहुंच गए। महाराष्ट्र में 86प्रश की बढ़ोतरी देखी गई और तमिलनाडु में 224 केस और तेलंगाना में 197 केस सामने आए।



# निरस्त और मार्ग परिवर्तित की गई ट्रेनों को किया बहाल

## यात्रियों को मिली बड़ी राहत, कई दिनों से चल रहा काम अभी भी नही हुआ पूरा



**कटनी, यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा जबलपुर मण्डल के कटनी-सिंगरौली खंड पर दोहरीकरण कार्य के चलते निवास रोड, भरसेंडी, सुरसराईघाट झारा एवं सरई ग्राम स्टेशनों पर 13 मार्च से 19 मार्च तक प्री नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। इस कार्य के चलते इस मार्ग से होकर जाने कई रेलगाड़ियों को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से पूर्ण/आंशिक निरस्त एवं कई के मार्ग मे परिवर्तन किया गया था।

### निरस्त की जाने वाली रेलगाड़ियाँ सेवा बहाल

गाड़ी संख्या 11651/11652 जबलपुर-सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, जबलपुर से 13 मार्च से 19 मार्च तक एवं सिंगरौली से दिनांक 14 मार्च से 20 मार्च 2023 तक सेवा बहाल रहेगी।

गाड़ी संख्या 22165/22166 भोपाल-सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस, भोपाल से 15 मार्च एवं 18 मार्च 2023 को एवं सिंगरौली से 16 मार्च एवं 21 मार्च 2023 को सेवा बहाल रहेगी।

गाड़ी संख्या 22167/11268 सिंगरौली-निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस, सिंगरौली से 19 मार्च 2023 को एवं निजामुद्दीन से 20 मार्च 2023 को सेवा बहाल रहेगी।

आंशिक निरस्त की जाने वाली गाड़ी सेवा बहाल :-

अपने प्रारम्भिक स्टेशन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 06623/06624 कटनी-बरगवां-कटनी मेमू स्पेशल गाड़ी 13 मार्च से 19 मार्च 2023 तक दोनों दिशाओं में बरगवां तक सेवा बहाल रहेगी।

### मार्ग परिवर्तित की जाने वाली रेलगाड़ियाँ सेवा बहाल


गाड़ी संख्या 13025/13026 हावड़ा-भोपाल-हावड़ा, हावड़ा से 13 मार्च को एवं भोपाल से 15 मार्च को दोनों दिशाओं में अपने निर्धारित मार्ग से होकर गंतव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस, संतरागाछी से 17 मार्च को अपने निर्धारित मार्ग से होकर गंतव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 19413/19414 अहमदाबाद-कोलकाता- हमदाबाद एक्सप्रेस, अहमदाबाद से 15 मार्च को एवं कोलकाता से 18 मार्च को दोनों दिशाओं में अपने निर्धारित मार्ग से होकर गंतव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 19607/19608 कोलकाता-मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस, कोलकाता से 16 मार्च को एवं मदार जंक्शन से 13 मार्च को दोनों दिशाओं में अपने निर्धारित मार्ग से होकर गंतव्य को जाएगी।

# शिक्षा केन्द्र के आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए शिक्षक संगठन ने किया विरोध शुरू



प्रति,
1. निज सचिव माननीय स्कूल शिक्षा मंत्री म0प्र0शासन भोपाल
2. माननीय प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा वल्लभ भवन म0प्र0शासन भोपाल
3. माननीय संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल

विषय :- शिक्षकों को टेबलेट क्रय करने के संबंध में।

महोदय,

निवेदन है कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा लगातार ऐसे अव्यवहारिक आदेश जारी किए जा रहे है जो शिक्षकों के लिए तो परेशानी का सबब बन ही रहे है, शैक्षणिक व्यवस्था को भी चौपट कर रहे हैं।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा पहले तो वार्षिक परीक्षाओं के समय में जनवरी व फरवरी माह में शिक्षकों के खूब प्रशिक्षण कराये जिसमें शिक्षक अध्यापन कार्य छोड़कर प्रशिक्षण लेते रहे फिर 8वीं एवं 5वीं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए एक जनशिक्षा केन्द्र में अधिकतम 03परीक्षा केन्द्रों का फरमान जारी कर दिया गया जिससे 10-10 वर्ष के बच्चों को 05 से 07 कि0मी0 दूर तक जाकर परीक्षा देनी होगी जिसके भी दुष्परिणाम आगे चलकर सामने आऐंगे।

अब राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल का एक नया आदेश शिक्षकों के लिए तो परेशानी का सबब बना हुआ है। शासकीय शिक्षक के लिए माह फरवरी एवं मार्च सबसे अधिक आर्थिक तंगी का समय होता है। इसी समय सभी प्रकार की बीमा पॉलिसी के प्रीमियम का भुगतान करना होता है, आयकर के रूप में भी राशि जमा करनी पड़ती है और आयकर रिटर्न के कारण मासिक वेतन भी समय पर नही मिलता है। फिर ऐसे समय में जबकी वार्षिक परीक्षाऐं सिर पर हैं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा शिक्षकों को टेबलेट खरीदने का जो अव्यवहारिक आदेश जारी किया है वह समझ से परे है।

माननीय वैसे भी 10000/- (दस हजार रूपये) में उच्च गुणवत्ता का ऐसा टेबलेट बाजार में उपलब्ध नहीं है जिसमें चार वर्ष की गारंटी सहित राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा निर्धारित समस्त मापदंड पूरे हो रहे हों। और न लेने पर इसे शिक्षक का कदाचरण मानते हुये संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के नोटिस जारी हो रहे है यह उचित नहीं है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि इस प्रकार के आदेशों के जारी होने के पूर्व उनकी यह समीक्षा अवश्य कर ली जावे कि ऐसे आदेश जमीनी धरातल पर वास्तविकता के कितने करीब हैं। ताकि ऐसे अव्यवहारिक आदेश न तो शिक्षकों के लिए तो परेशानी का सबब बने और शैक्षणिक व्यवस्था भी चौपट न हो सके।

निवेदक

## पूछा शिक्षकों ने आदेश जमीनी धरातल के कितने करीब

**कटनी, यशभारत।** राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए शासकीय शिक्षक संगठन ने विरोध शुरू कर दिया है। संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने स्कूल शिक्षा मंत्री, प्रमुख सचिव और राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक को पत्र लिखा है। राकेश दुबे ने कहा कि शासकीय शिक्षकों के लिए फरवरी और मार्च का समय आर्थिक तंगी का होता है। इसी समय सभी प्रकार की बीमा पॉलिसियों की किस्त देनी होती है, आयकर के रूप में भी राशि जमा करनी होती है, आयकर रिटर्न के कारण मासिक वेतन भी समय से जमा नहीं हुआ है और ऐसे समय में शिक्षकों को अपने पैसों से उच्च गुणवत्ता का टेबलेट खरीदना है, जिसके लिए बाद में विभाग 10 हजार रुपए देगा। चार साल तक टेबलेट में कोई खराबी भी नहीं आनी चाहिए।

### अव्यवहारिक आदेश से हो रही परेशानी


शासकीय शिक्षक संगठन ने इस आदेश पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग को इस तरह के आदेशों को जारी करने से पहले उनकी समीक्षा कर लेनी चाहिए। ये आदेश जमीनी धरातल के कितने करीब हैं। इस तरह के अव्यवहारिक आदेश जहां एक ओर शिक्षकों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं, वहीं मध्यप्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था को भी चौपट कर रहे हैं।

### परीक्षा देने जाना पड़ेगा 5 से 6 किमी

प्रांताध्यक्ष ने कहा कि राज्य शिक्षा केन्द्र लगातार ऐसे अव्यवहारिक आदेश जारी कर रहा है। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल जनवरी और फरवरी माह में शिक्षकों के प्रशिक्षण आयोजित कराए, जबकि उस समय शिक्षकों को कक्षाओं में बच्चों के साथ होना था, लेकिन शिक्षक कक्षाओं को छोड़कर ब्लाक मुख्यालयों में प्रशिक्षण लेते रहे। इसके बाद राज्यशिक्षा केंद्र भोपाल ने एक आदेश जारी किया है कि 5वीं और 8 वीं की वार्षिक परीक्षा के लिए एक जनशिक्षा केन्द्र में सिर्फ 3 परीक्षा केन्द्र ही बनाए जाएं। इस आदेश के कारण 10-10 वर्ष के बच्चों को परीक्षा देने 5 से 6 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा।

# कागजी प्लान से नहीं होने वाला कुछ भी

## जल संकट के हल के लिए काम भी जरूरी



**कटनी, यशभारत।** कटनी में आसन्न जल संकट के निदान के लिए होने जो प्लान बन रहे हैं वह फिलहाल कागजों या फिर मौका मुआयना तक ही सीमित है इस पर धरातल पर क्या काम हुआ किसी को पता नहीं है। गत दिनों बरगी दांयी तट नहर के बैक वाटर को कटनी नदी में डालने की खबरें आंई मौके पर विधायक कलेक्टर ने पहुंच कर इसे देखा लेकिन इसके बाद एक हफ्ते का समय बीत चुका है बीच में दो दिन होली को छोड़ दें तो आगे के दिनों में क्या हुआ किसी को पता नहीं ठीक इसी तरह कटनी नदी से पानी के अवैध तरीके से दोहन के मामले में भी कलेक्टर ने निर्देश जारी किये थे लेकिन इस निर्देश पर भी कुछ नहीं हुआ। पूरे शहर में जल संकट से निपटने की कार्ययोजना के तहत कहीं भी पानी के अपव्यय रोकने के लिए नगर निगम की ओर से भी कोई प्रयास नहीं किये गए। वार्ड स्तर पर पर फूटी पाइप लाइनों से हजारों लीटर पानी रोज बर्बाद हो रहा है लेकिन इसे सुधार के लिए कुछ भी नहीं हुआ। ठीक इसी तरह बड़े बड़े भवन निर्माण में सैकड़ों फीट की बोरिंग करा कर धरती के जल को निकाला जा रहा है किन्तु गर्मी में बोरिंग को बंद करने के लिए कोई आदेश नहीं दिए गये। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही खबर आई थी कि मौसम में जल संकट से निपटने के लिए नगर निगम ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। गर्मी के मौसम में लोगों पानी उपलब्ध कराने के लिए महापौर प्रीति सूरी की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक भी हुई थी। बैठक में बताया कि शहर में इमलिया खदान से पानी लाकर पेयजल समस्या निराकरण करेंगे। इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र शासन को भेजा जाएगा। बैठक में बताया गया था कि इमलिया क्षेत्र नगर निगम सीमा के बाहर होने के कारण इस कार्य को शासन द्वारा किसी शासकीय एजेंसी के माध्यम से कराया जाए। बैठक में एमआईसी के सदस्यों ने भी इस कार्य के लिए अपनी सहमति दी है। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय सीमा में गर्मी मौसम शुरू होने के पहले पेयजल समस्या के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, ताकि आने वाले समय में शहर में पेयजल समस्या की स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

## कटनी के युवक ने लगाई थी टारगेट से तंग होकर फांसी


# पुलिस ने अब तक नहीं की फाइनेंस कंपनी पर कार्रवाई



**कटनी, यशभारत। कटनी के बरही तहसील अंतर्गत लुरमी गांव के रहने वाले एक युवक ने एक प्राइवेंट कंपनी के टारगेट से तंग आकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी इस मामले में पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।** प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों में टारगेट का प्रेशर एक युवक की मौत का सबब बन गया। सीनियर ऑफिसर्स की घुड़कियों और टारगेट के दबाव से परेशान होकर उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इससे पहले उसने एक वीडियो भी बनाया जिसमें उसने अपनी हालत और मौत के लिए कंपनी के सीनियर ऑफिसर्स को जिम्मेदार ठहराया। युवक की मौत ने लोगों को इस कदर झकझोरा और आक्रोशित किया कि वे उसका शव लेकर सीधे फाइनेंस कंपनी के दफ्तर जा पहुंचे। हासिल जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गढ़िया टोला में किराए पर कमरा लेकर रहने वाला शिवेंद्र सिंह बघेल उर्फ शिब्बू फाइनेंस कंपनी के टारगेट का प्रेशर नहीं झेल पाया। उसने बीते गुरुवार की रात फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जान दे दी। शिब्बू कटनी जिले के बरही थाना अंतर्गत ग्राम लुरमी का रहने वाला था। वह यहां अपने पिता के साथ गढ़िया टोला में किराए पर कमरा लेकर रहता था। पिता सतना के महापौर योगेश ताम्रकार की फैक्ट्री में काम करते हैं जबकि शिब्बू प्राइवेट फाइनेंस कंपनी बजाज आलियांज में नौकरी करता था। वह बिरसिंहपुर में पोस्टेड था और उसके पास वहां की ब्रांच की जिम्मेदारी थी।

गुरुवार को उसके पिता काम पर गए हुए थे तभी शाम के वक्त शिब्बू अपने कमरे में आया और उसने एलपीजी सिलेंडर पर चढ़ कर पंखे पर फंदा डाला और फांसी पर झूल गया। कुछ देर बाद जब मकान मालिक की नजर पड़ी तो उसने शोर मचाया और उसके पिता और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी गई। शव को रात में ही पीएम के लिए मॉर्चरी भेज दिया गया था।

शुक्रवार की सुबह जब पीएम हुआ तो मृतक के तमाम परिचित और कंपनी में काम करने वाले उसके साथी अस्पताल पहुंचे और शव को पीएम के बाद सीधे बजाज आलियांज के गहिरा नाला स्थित दफ्तर ले गए। यहां शव रखकर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे शिब्बू की मौत के लिए फाइनेंस कंपनी के मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े थे।



# फिर शुरू हुई अवैध कालोनियों को वैध करने की कवायद 76 को किया गया वैध, 15 प्रक्रियाधीन

**कटनी, यशभारत।** कटनी नगर में एक बार फिर से अवैध कालोनियों का वैध करने की कवायद शुरू हुई है। जानकारी के अनुसार नगर निगम के द्वारा शहर की 76 अवैध कॉलोनियों को वैध कर दिया गया है। इन कॉलोनियों का ले-आउट स्वीकृत हो गया है। कॉलोनाइजर व भू-माफियाओं ने लोगों से मनमाफिक रकम लेकर अवैध प्लाटिंग करते हुए प्लाट बेच दिए थे, लेकिन यहां पर बिजली, पानी, सड़क की सुविधा मुहैया नहीं कराई थी। करोड़ों रुपए का विकास शुल्क कॉलोनाइजर हजम कर गए थे। कॉलोनियां अवैध होने से विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे। खास बात यह है कि अवैध से वैध हुई कॉलोनियों में अब भवनों के लिए नक्शा पास कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अवैध से वैध हुई कॉलोनियों में सबसे पहले चार नक्शे पास हुए हैं। इसमें योगेश मिश्रा गायत्री नगर ने दो व अनीता मिश्रा ने 2 नक्शे पास कराए हैं।

### 15 कॉलोनियां प्रक्रियाधीन, कॉलोनाइजरों पर होगी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार शहर की 15 और अवैध कॉलोनियों को वैध करने के लिए प्रक्रिया चल रही है। वहीं अवैध कॉलोनी बसाने वाले कॉलोनाइजरों पर भी बड़ी कार्रवाई होगी। नगर निगम द्वारा सभी संबंधित थानों को पत्र लिखा गया है। 76 कॉलोनाइजरों के खिलाफ मुकदम दर्ज होगा।

### लंबे अर्से से हो रही थी मांग

लंबे अर्से से लोग कॉलोनियों को वैध करने की मांग कर रहे थे। सरकार के आदेश के बाद ननि ने प्रक्रिया अपनाते हुए शहरवासियों को बड़ी राहत दी है। 91 कॉलोनियों को वैध करने के लिए मई 2022 में प्रक्रिया शुरू हुई। 28 मई को पहल प्रकाशन हुआ। 75 कॉलोनियों का अगस्त 22 से वैध करने फाइल चली। दिसंबर 22 में ले-आउट तैयार कराकर प्रारंभिक प्रकाशन कराया गया। अब अंतिम रूप दे दिया गया है।

### नगर निगम का दावा विकास कार्यों का तैयार हो रहा प्रस्ताव

नगर निगम ने दावा किया है कि कॉलोनिया वैध होने के बाद नगर निगम द्वारा यहां पर विकास कार्यों के लिए प्रक्रिया शुरू की जा रही है। प्रस्तावित विकास कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर विकास शुल्क का निर्धारण होगा। इसमें 50 प्रतिशत स्थानीय लागरिकों को शुल्क जमा करना पड़ेगा। 50 प्रतिशत नगर निगम को। आर्थिक रूप से कमजोर आयवर्ग के रहवासियों को शासन द्वारा नई दरें तय की जा रही हैं।

# चुनावी मोड पर कांग्रेस-भाजपा, बूथ की मजबूती पर जोर

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वीडियो संदेश के जरिए कार्यकर्ताओं से जुटने का किया आव्हान, कांग्रेस में बैठकों का दौर

**कटनी, यशभारत।** दो प्रमुख राजनीतिक संगठन भाजपा और कांग्रेस धीरे धीरे चुनावी मोड पर आ गई हैं। भाजपा जहां अपने बूथ विस्तार अभियान को मजबूती देने के लिए जुट गई है तो वहीं कांग्रेस अब सेवादल को फिर से सक्रिय और मजबूत बनाने की जद्दोजहद शुरू कर चुकी है। बीते दिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने एक वीडियो संदेश जारी कर भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ विस्तार अभियान में जुटने का आव्हान किया। उन्होंने दावा किया कि पूरे मध्यप्रदेश में भाजपा बूथ स्तर पर जो डाटा कलेक्ट कर रही है वह चुनावी रणनीति में एक अभेद किला के समान होगा। श्री शर्मा निरंतर जिलों के संगठन से संवाद कर बूथ विस्तार अभियान में जुटने के लिए बैठकें कर रहे हैं। बीते दिन ही कटनी में इसी को लेकर प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी का भी आगमन हुआ। दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार की विफलता रोजगार तथा मंहगाई को मुद्दा तो बना ही रही है साथ ही साथ वह संगठन विस्तार और अपने पुराने संगठन के महत्वपूर्ण अंग सेवादल को सक्रिय करने के लिए जुट गई है इसे लेकर गत दिनों कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई जिसमें संगठन का विस्तार और सेवादल को मजबूत करने के उद्देश्य से कई विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष और संभाग प्रभारी रमेश द्विवेदी और जिला प्रभारी रामनारायण द्विवेदी उपस्थित रहे। संभागीय प्रभारी रमेश द्विवेदी ने बैठक में कहा कि देश को मजबूत करने के लिए कांग्रेस में सेवा दल की स्थापना की गई थी जो कि कांग्रेस का महत्वपूर्ण अंग है। शीर्ष नेतृत्व की मंशा के अनुसार सेवा दल को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रत्येक बूथ में बुनियाद दल का गठन किया जाएगा और हर सेक्टर, मंडलम, ब्लॉक और जिला स्तर पर जाकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं जिला प्रभारी रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि आने वाला समय प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए परीक्षा की घड़ी है और हम सबको मिलकर आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में सत्ता परिवर्तन कर भाजपा की बेलगाम महंगाई बढ़ाने वाली नीतियों से जनता को निजात दिलाना है। कटनी जिला दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के लिए काफी अहम है। इस जिले में भाजपा को वर्चस्व है जिसे वह आने वाले चुनाव में कायम रखना चाहती है तो वहीं कांग्रेस जिसके पास जिले में सिर्फ बड़वारा सीट है इस बार तीन और सीटों पर भी जीत की संभावना तलाश रही है देखा जाए तो कांग्रेस को खोने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है लेकिन भाजपा के लिए कटनी जिला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि कटनी जिला प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा का संसदीय क्षेत्र है यह उनकी प्रतिष्ठा का प्रश्न भी है बीते नगर निगम और ग्राम पंचायत के चुनावों में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन महापौर चुनाव में उसकी हार ने पार्टी के अंदर खलबली मचा दी थी। इसके बाद पार्टी को राहत के मिली जब महापौर ने भाजपा ज्वाइन कर ली। अब विधानसभा चुनाव में ऐसी कोई संभावना तो है नहीं लिहाजा पार्टी सिर्फ और सिर्फ जीत पर ही फोकस करेगी। कटनी भाजपा में रोज बैठकों का दौर भी जारी है। बूथ विस्तार अभियान कल 14 मार्च से शुरू हो रहा है। जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने इस अभियान में जुटने का सभी मंडलों के अध्यक्षों को निर्देश दिये हैं। कुल मिलाकर आने वाला समय राजनीतिक रूप से अहम होने वाला है।





Rate card :- Recliner.... 300/-, Platinum... 250/-, Gold.... 200/-, Silver ........150/-

# दो लाख 12 हजार लाड़ली बहनों को ढूंढना कठिन कार्य, जुटेगा प्रशासन का अमला

**कटनी, यशभारत।** एक दो नहीं पूरी दो लाख 12 हजार लाड़ली बहनों को तलाशने का काम जिला प्रशासन ने शुरू कर दिया है। इनको ढूंढना और फिर इनको लाडली लक्ष्मी का लाभ देना अर्थात उनकी पात्रता की जांच करने के लिए जिला प्रशासन की टीम जुट गई है। मगर यह इतना आसान नहीं है। चुनावी साल में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की तैयारी जिले में जोर शोर से शुरू हो गई है। लाडली बहना योजना का लाभ लेने महिलाएं आवश्यक दस्तावेज जुटाने बैंकों व ऑनलाइन सेंटरों में चक्कर काटने लगे हैं व कतारों में लगकर अपने दस्तावेज दुरुस्त करा रही हैं। ऐसा ही नजारा दिखा शनिवार को स्लीमनाबाद में संचालित भारतीय स्टेट बैंक व सेंट्रल बैंक में। यहां पर महिलाओं की भीड़ उमड़ी। बैंकों में खाता खुलवाने व खाता को आधार से लिंक कराने में जुटे रहे। वहीं ऑनलाइन सेंटरों में भी समग्र केवाइसी, मोबाइल नम्बर अपडेट कराने कतार लग रही है। यही हाल जिले के अन्य सेंटरों का भी है। सर्वर की समस्या से भी महिलाओं को परेशान होना पड़ रहा है। सुबह से आई महिलाओं को देरशाम तक परेशान होना पड़ा। जानकारी के अनुसार जिले की 2 लाख 12 हजार महिलाओं लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। लाडली बहना योजना का शुभारंभ 5 मार्च को मुख्यमंत्री ने कर दिया। कटनी के एनआइसी में भी कार्यक्रम हुआ इसके अलावा सुपरवाइजर, स्थानीय अधिकारी वर्कशॉप कम प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित नए सभाकक्ष में आयोजित किया गया था। इस योजना के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू होगी। इसको लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आवश्यक तैयारी शुरू कर दी गई है। फार्म छापकर पंचायतों और आंगनवाड़ी को उपलब्ध कराए जाएंगे। 10 प्रतिशत अधिक फार्म छपवाए जा रहे हैं।

यश भारत

# सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, सोमवार, 13 मार्च 2023

# समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने 41 हजार किसानों ने कराए पंजीयन

**कटनी, यशभारत।** गेहूं की कीमतों में भले ही वृद्धि हो रही हो, इसके बावजूद समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेचने के लिए किसानों में उत्साह दिख रहा है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। राज्य सरकार के निर्देश पर जिले में इस समय किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। इसके बाद पंजीकृत किसानों से निर्धारित खरीदी केन्द्रों पर गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। बताया जाता है कि अभी तक 41 हजार 265 किसानों ने विभिन्न माध्यमों से अपना पंजीयन करा लिया है।

### 1 अप्रैल से जिले में शुरू होगा गेहूं का उपार्जन, मैसेज के माध्यम से किसानों को दी जाएगी सूचना



बताया जाता है कि पिछले साल और इस साल गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की संख्या में ज्यादा अंतर नहीं रहा, जबकि पिछले साल के मुकाबले इस साल गेहूं की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। विपणन संघ के अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि 10 मार्च तके जिले में 41 हजार 265 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत किसानों से आगामी 1 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाएगी। इसके लिए केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा इस बार 2 हजार 125 रूपए समर्थन मूल्य निर्धारित किया है।

### जिला प्रशासन करेगा मॉनीटरिंग

आगामी एक अप्रैल से शुरू होने जा रही गेहूं के उपार्जन कार्य का प्रशासन द्वारा सतत मॉनीटरिंग की जाएगी। धान खरीदी के दौरान गड़बड़ियां रोकने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा किए गए प्रयास सफल हुए थे, इस बार भी कुछ ऐसा ही होगा।

### बाजार में 3500 रुपए तक बिक चुका गेहूं

नवंबर से एकाएक बढ़ी गेहूं की कीमतें बीते महीनों में 3500 रुपए प्रति क्विंटल तक हो चुकी थी हालांकि, फरवरी में इसमें काफी गिरावट भी देखने मिली है। मौजूदा स्थिति में 2500-2600 रुपए प्रति क्विंटल रेट चल रहा है, जबकि खुले बाजार में अब भी गेहूं 3000 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा हैं। शरबती गेहूं के भाव अधिक हैं। ऐसे में सरकार का समर्थन मूल्य 2125 इस समय किसानों के लिए कम है, इसके बाद भी किसानों ने बड़ी संख्या में पंजीयन कराए हैं।



# शहर में सजने लगा देशी फ्रिज का बाजार

### चांडक चौक में लग गई दुकान, महंगाई का असर, कीमतों में आंशिक उछाल

**कटनी, यशभारत।** इस बार गर्मी ने जल्द ही दस्तक दे दी है। गर्मी के इस मौसम में सूखे कंठ तर करने के लिए शहर में जहां-तहां मटकों का बाजार भी सज गया है। शहर के चौक-चौराहों से लेकर आसपास के क्षेत्रों में भी देसी फ्रिज की डिमांड बढ़ गई है। शहर के मुख्य चौराहों के साथ ही प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चांडक चौक के पास सड़क के किनारे मटकों का बाजार गया है। यहां मटकों की खरीदादारी भी शुरू हो गई है। आसमान छूती महंगाई के बीच मटकों की कीमतों में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। पिछले साल जहां 60-70 रूपए के बीच मटके बिक रहे थे, तो इस बार इसमे भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। पिछले वर्ष के मुकाबले मटकों की कीमतों में थोड़ी बहुत बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही हैं। चांडक चौक में दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने बताया कि पहले के मुकाबले अब हर चीज महंगी हो गई है। इसीलिए मटकों की कीमत बढ़ गई हैं। इसके अलावा मटकों को यहां तक लाने वाले परिवहन खर्च भी उठाना पड़ता है।

### चंदिया के मटकों की डिमांड सबसे ज्यादा

बताया जाता है कि हर साल की तरह इस साल भी चंदिया के मटकों की डिमांड सबसे ज्यादा है। पिछले कई सालों से चंदिया के मटकों की बिक्री शहर में हो रही है। सूखे गले तर करने के लिए चंदिया से आने वाले मटकों की पूछ परख कुछ ज्यादा ही रहती है। इसके अलावा बड़वारा तहसील से ज्यादातर कुम्हार कटनी में मटके की बिक्री करने के लिए आते हैं। कोई पूरे परिवार के साथ यहां आता है तो कोई अकेले ही मटके की बिक्री में लगा हुआ है।

### मटकों में नल की सुविधा

खास बात यह है कि बड़े मटकों में नल की सुविधा भी देखने मिल रही है, हालांकि इसकी कीमत सामान्य मटकों से थोड़ी ज्यादा है। चांडक चौक के पास बिक रहे टोंटी लगे मटकों की कीमत 100 रुपए है, जबकि सामान्य बड़े मटके की कीमत 120 रुपए में बिक रहे हैं। गर्मी जल्दी शुरू होने से इस रोजगार से जुड़े लोग मटकी बनाने में जुट गए है। मांग के अनुरूप अलग-अलग डिजाइन के मटके तैयार कर हैं, जो लोगों को काफी लुभा रहे हैं। कुछ सालों से मटकों की मांग शहरी इलाके में कम हो गई थी, लेकिन कोरोना के बाद मटकी की फिर से मांग होने लगी है। लोग फ्रिज के पानी की जगह मटकी के पानी का ज्यादा इस्तेमाल करने लगे है।

### मटके के पानी का ये है फायदा

80 फीसदी ग्रामीण इलाकों में ज्यादातर लोग अभी भी मटके का ही पानी पीते हैं। बड़े-बुजुर्गों का मानना है कि फ्रिज के पानी के मुकाबले मटके के पानी की तासीर ज्यादा ठंडी होती है। साथ ही मटके के पानी का अलग ही स्वाद होता है। मटके का पानी पीने से सर्दी-गर्मी की भी शिकायत नहीं होती। लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए मटकों को स्टाइलिश लुक भी दिया जा रहा है। सुराही भी नए ढंग से तैयार की जा रही है, वहीं शहर के लोग भी मटके का इस्तेमाल कर रहें है। मटके के पानी को कई जानकार शीतलता देने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद मानते हैं। मिट्टी से निर्मित मटके में पानी प्राकृतिक रूप से शीतल होता है। कई लोग आधुनिक तकनीक से ठंडे किए पानी की बजाय मटके के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद मानते हैं।

# अनुशासन एवं देश सेवा की भावना का दिया संदेश

### स्लीमनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ



**कटनी, यशभारत।** राष्ट्र के निर्माण में छात्रों की बहुत बड़ी भूमिका है। भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व विकास का मुख्य स्रोत है। छात्रों का चारित्रिक एवं सामाजिक विकास होता हैए जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र अपने जीवन को अनुशासित बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपने को स्थापित कर सकते हैं। उक्त बातें स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के शुभारंभ अवसर पर पहले दिन रविवार को प्राचार्य डॉ सरिता पांडेय ने कही। प्राचार्य ने एनएसएस के माध्यम से अनुशासन व देश सेवा की भावना करने का संदेश दिया। सात दिवसीय विशेष शिविर हुआ प्रारंभ में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ रंजना वर्मा ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से ग्राम पंचायत कौड़िया में सोमवार से विशेष जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिसमें स्वयंसेवक सात दिन तक श्रमदान, साफ सफाई विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम एवं रैली, नुक्कड़ नाटक, सर्वे कार्य आदि गतिविधियों में सहभागिता कर समाज सेवा का कार्य करेंगे। साथ ही एनएसएस को स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व निर्माण एवं नेतृत्व क्षमता के विकाश में भी सहायक बताया। डॉ शैलेंद्र जाट ने स्वयंसेवकों को शिविर दिनचर्या के बारे में बताकर सौंपे गए दायित्वों का समय सीमा में निर्वहन के लिए प्रेरित किया।



# जल स्तर में गिरावट, नदियां सूखी

**कटनी, यशभारत।** गर्मी ने दस्तक दे दी है। अब नदियां भी सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। नदी-नालों में पानी की जगह सूखा नजारा दिख रहा है। हवा उगलते हैंडपंप, कुओं में नजर आती जमीन। जंगलों में सूखे नाले, गांवों में गहराता पेयजल संकट। ये समस्या मार्च शुरू होते ही सामने आने लगी है और जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप आगे बढ़ेगा, वैसे-वैसे समस्या गहराते जाएगी। इधर जंगलों में पानी की कमी के चलते वन्य जीवों ने गांवों की ओर अपना रुख कर लिया है। ग्रामीण भी पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। जिले की जीवनदायी कटनी नदी स्लीमनाबाद से होकर गुजरती है। नदी कभी भी नहीं सूखती थी, लेकिन इस वर्ष नदी के उद्गम स्थल से लेकर 30 से 35 किलोमीटर तक नदी सूखी पड़ी है। जिससे जल स्तर में भारी गिरावट आई है। जिससे स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र प्रभावित हुआ है। आने वाले समय में पूरे क्षेत्र में जल संकट गहरा सकता है।

# कुदरी में नेत्र शिविर का आयोजन, मरीजों की जांच

**कटनी, यशभारत।** मप्र जन अभियान परिषद की इकाई नवांकुर संस्था कुदरी द्वारा रीठी जनपद पंचायत की ग्राम खम्हरिया नंबर 1 में नेत्र परीक्षणए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सतगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट के डॉक्टर की टीम ने उपस्थित रहकर 65 से अधिक लोगों की जांच कीए जिसमें मौके पर मौजूद बस द्वारा ऑपरेशन के लिए 6 लोगों को रैफर किया गया। नेत्र शिविर में आस्था नवनिर्माण सेवा समिति के अध्यक्ष उमेश त्रिपाठी, रोजगार सहायक अशोक यादव, प्रदीप यादव का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य परीक्षण व रोगियों को बस द्वारा भेजने की पूर्ण व्यवस्था की गई। इस दौरान राकेश यादव, शेषकुमार यादव, रितेश यादव के साथ अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

# विश्व शांति के लिए सिद्धचक्र महामंडल विधान

### पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजन, संगीतमय भजनों की प्रस्तुति में झूमे श्रद्धालु

**कटनी, यशभारत।** दिगम्बर जैन समाज पंचायत महासभा एवं श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर रात्रि में 48 मंडल बनाकर 48 परिवारों , माताओं, बहनों द्वारा 48 दीप जलाकर पुण्यलाभ अर्जित किया गया। आयोजन में गढ़ाकोटा से आए संगीतकार अंशुल भैया ने संगीतमय भजनों के माध्यम से शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंचायत महासभा के मंत्री डॉ. संदीप जैन, कोषाध्यक्ष मनीष जैन बड्डे ने बताया कि जैन मान्यतानुसार वर्ष में 3 बार कार्तिक फागुन और आषाढ़ माह के अंतिम 8 दिनों में आष्ठनिका मनाए जाते हैं। उन्होंने बतलाया कि इन दिनों व्रत, सील, संयम आदि का पालन



किया जाता है। मंदिरों में पूजन पाठ के साथ सिद्धचक्रमहामंडल विधान का आयोजन विश्व शांति के लिए किया जाता है। जैन धर्म में पंच परमेष्ठी को नमस्कार किया गया है, जिनमें सिद्ध परमेष्ठी सर्वोत्कृष्ट है, विधान के दिनों में उन सिद्ध परमेष्ठी के गुणों का चिंतवन करते हुए उनके समान स्वयं बनने की भावना भायि जाती है। जैन मान्यता अनुसार भगवान जन्मते नहीं अपितु अपने पुरुषार्थ से स्वयं भगवान बनते हैं, इसलिए सिद्ध चक्रमंडल विधान में सिद्ध भगवान के गुणों का विचार करते हुए उनके समान सिद्धत्व की प्राप्ति करने के लिए रत्नत्रय रूप मोक्ष मार्ग की उपासना की जाती है। इस अवसर पर 9 दिवसीय विधान एवं विश्व शांति के लिए हवन विधान पंडित नमन कुमार के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। आयोजन में प्रमुख पात्र बनकर पुण्यलाभ लेने का अवसर पर सौधर्म इंद्र मनीष रागनी जैन, कुबेर सतीश सरिता मोदी, श्रीपाल मैना सुंदरी श्रवण कुमार स्वाति जेन, महायज्ञ नायक विनोद जयंती जैन, यज्ञ नायक कोमलचंद पुण्यरानी महेन्द्र, इंद्र पंकज निशा जेन ध्वरोहण कर्ता राजेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ।



# भाजपा राज में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से हर वर्ग परेशान

**कटनी, यशभारत।** पूर्व मंत्री जीतू पटवारी एवं विधायक कुणाल चौधरी का रीवा से भोपाल जाते समय कटनी में अल्प प्रवास हुआ। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशू मिश्रा द्वारा युवा साथियों के साथ मुड़वारा स्टेशन में स्वागत किया गया। श्री पटवारी ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री ने केवल जनता से झूठ बोलने का काम किया है। कमलनाथ की 15 माह की सरकार में विकासकारी योजनाएं लागू हुई थी। भाजपा राज में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से हर वर्ग परेशान है। लाड़ली बहन योजना को उन्होंने केवल चुनाव नजदीक आने पर दिखावा बताया। उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह बहनों के सच्चे हितैषी हैं तो गैस सिलेंडर के दाम कम कर दें। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ का विद्यालय है, जिसमे केवल झूठ सिखाया जाता है। विधायक कुणाल चौधरी ने गोवा कांड पर सरकार को घेरते हुए कहा कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसा प्रतीत होता है। प्रदेश में जंगल राज आ चुका है। इस दौरान शहर अध्यक्ष विक्रम खंपरिया, प्रियदर्शन गौड़, महेंद्र जैन, राहुल पटेरिया, कपिल रजक, रौनक खंडेलवाल, गोल्डन पांडेय, कमल पांडे, चोखे भाई, विनीत जायसवाल, मनोज गुप्ता, मुकेश यादव, विनोद छिरौलिया, दानिश अहमद,सुनील श्रीवास, अरशद खान, मुकेश पाठक, जीतू बड़गैंया, बृजेश गौतम, नारायण निषाद, आशीष पाली, हरीश यादव, आमिर खान, आकाश तिवारी, कान्हा कुशवाहा, अनुराग दहिया, रजत जैन, विवेक जादवानी, रितेश बांगर, विक्की पुरुस्वानी आदि उपस्थित रहे।

**पूर्व मंत्री एवं विधायक ने लगाए सरकार पर आरोप**

# महिलाओं ने उत्साह के साथ खेली फूलों की होली



### दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का होली मिलन

**कटनी, यशभारत।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मैन कटनी का होली मिलन समारोह मुरली रेस्टोरेंट आयोजित किया गया। इस अवसर पर फूलों की होली के साथ विभिन्न प्रकार के गेम्स तथा पर्यावरण एवं जीव दया के क्षेत्र में किस प्रकार धार्मिक आयोजनों से जुड़ने के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के संरक्षक प्रेमचंद प्रेमी, संस्थापक डॉ शिखर जैन, पूर्व मंत्री श्रीमती अलका जैन, पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, मार्गदर्शक सुभाष जैन, पूर्व अध्यक्ष पंचम जैन, कैलाश जैन सोगानी, श्रीमती सीमा जैन सोगानी, शांति कुमार जैन, डॉ के के जैन, अभिनंदन जैन, मुकेश चंदेरिया, संदीप पटेरिया, आशीष जैन, अमित जैन, योगेश जैन, सुशील जैन, सतीश जैन पाटन, कार्यक्रम के सूत्रधार मगन जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

### सहायक प्राध्यापकों व छात्रों ने रखे विचार

**उमरियापान, यशभारत।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा महिला दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ आरती धुर्वे ने अपने संबोधन में नारी शक्ति की महिमा और महिला दिवस मनाए जाने के महत्व के बारे में बताया। प्रकोष्ठ प्रभारी दीपिका जैन ने भी महिला दिवस को लेकर अपने विचार रखे। महाविद्यालय की छात्र.छात्राओं ने नारी के सम्पूर्ण व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उसे सृष्टि के आधार के रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही छात्राओं ने नारी शक्ति को लेकर कविता पाठ भी किया। इस मौके पर डॉ नीमा सिंह, डॉ अरुणादास, डॉ जयप्रकाश अवस्थी, डॉ आशीष पांडेय, ईश्वरदीन चौधरी, राजाराम सूर्यवंशी, रहवर रजा मंसूरी की उपस्थिति रही।

यश भारत
अखबार की प्रति के लिए
संपर्क करें फोन : 230033

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति
एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है
संपर्क-8109417340






## संपादकीय

# सावधानी ही कारगर उपाय

देश के कई हिस्सों में इस समय इन्फ्लूएंजा ए के सब टाइपएच3एन2 वायरस का प्रकोप तेजी से फैल रहा है. इसके कारण 2 लोगों की मौत होने की खबर है. इसके बावजूद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि एच3एन2 वायरस के कारण होने वाले वायरल बुखार के मामले इस महीने से घटने की उम्मीद है. जबकि हेल्थ एक्सपर्ट्स ने आगाह किया कि बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और साथ ही गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों में एच3एन2 वायरस का संक्रमण चिंताजनक हालात पैदा कर सकता है. आमतौर पर हर साल भारत में मौसमी इन्फ्लूएंजा का सबसे ज्यादा असर जनवरी से मार्च तक और मानसून के बाद के महीनों में देखा जाता है। इन्फ्लएंजा की दस्तक चिंता बढ़ाने वाली है। जिसमें खांसी, बुखार, गले में जलन, ब्रॉन्काइटिस जैसी फेफड़ों से जुड़ी तकलीफें लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। चिंता इसलिये भी है कि इसके लक्षण कोविड वायरस जैसे ही हैं। वैसे तो यह वायरस दो-तीन दिन में ठीक हो सकता है लेकिन यदि कई हफ्ते तक प्रभाव रहता है तो कारगर इलाज की जरूरत महसूस की जाती है। इन्फ्लुएंजा के एच3एन2 वायरस के प्रभाव की वजह मौसम का अचानक सर्द व गर्म होना कहा जा रहा है। जिसके चलते अस्पतालों में मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। जिसकी वजह से स्वास्थ्य विभाग सावधानी रखने की बात कह रहे हैं। कहा जा रहा है कि भारत की बड़ी आबादी को प्रतिरोध टीके लगे होने की वजह से स्थिति नियंत्रण में ही रहेगी क्योंकि अधिकांश लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो गई है। इसके बावजूद वायरस के प्रसार के चलते सावधानी बरतना व्यक्ति के हित में रहता है। यही वजह है कि सामान्य खांसी, जुकाम,बुखार के लक्षण दिखने पर साफ-सफाई, भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचने व मास्क के प्रयोग की सलाह भी दी जा रही है। यानी लोगों को कोरोनोचित व्यवहार को इस संक्रमण में लाभदायक बताया जा रहा है। हालांकि भारत जैसे सघन आबादी वाले देश में इसके प्रसार का जोखिम लगातार बना रहता है। जिसमें सावधानी ही कारगर उपाय कहा जा सकता है। दरअसल, आईसीएमआर ने संक्रमण रोकने के लिये वही उपाय बताए हैं जो कोरोना से बचाव के दौरान निर्धारित किये गये थे। वहीं इम्युनिटी बढ़ाने के लिये अधिक साग-सब्जी, तरल पदार्थों और पोषक तत्वों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। ज्यादा आराम व गुनगुने पानी के उपयोग की भी सलाह दी जा रही है।

स्मृति शेष

# संघर्षों में तपकर कुंदन बने थे सतीश कौशिक

**तमाम छोटी-बड़ी हिंदी फिल्मों से जुड़े रहे निर्माता-निर्देशक, पटकथा लेखक-अभिनेता सतीश कौशिक के जीवन के इतने आयाम हैं कि एक व्यक्ति में उनका होना किसी अचरज से कम नहीं है। यही वजह है कि उनके असामयिक निधन से सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, पूरा देश स्तब्ध है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा प्रदेश, खासकर अहीरवाल क्षेत्र तथा विशेष रूप से उनके पैतृक गांव के लिये तो यह बड़ी क्षति है।**

हालांकि प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा सोशल मीडिया पर भी उनकी जन्मभूमि महेंद्रगढ़ जिले के गांव धनौंदा की विशेष चर्चा नहीं हुई। लेकिन इस छोटे से गांव से निकलकर बॉलीवुड में पैर जमाना कोई आसान नहीं था। इसे उनके संघर्ष की गाथा का प्रमाण ही कहा जा सकता है। बृहस्पतिवार को जैसे ही एनएसडी से उनके बैचमेट रहे फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने अपने ट्विटर हैंडल से उनके निधन की जानकारी दी, उनके प्रशंसकों, गांव व परिवार के लोगों को गहरा दुख हुआ।

उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल, 1956 को हरियाणा प्रदेश के महेंद्रगढ़ जिले में स्थित धनौंदा गांव में सतीश कौशिक का जन्म हुआ। एक सामान्य परिवार में पिता बनवारी लाल कौशिक तथा माता बसंती के घर जन्मे बालक सतीश की प्राथमिक शिक्षा गांव में हुई। कालांतर साल 1972 में किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली से स्नातक डिग्री हासिल करने तथा फिर एनएसडीसी में अपनी रंगमंचीय प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला। बॉलीवुड में लंबे संघर्ष के बाद उन्हें मिस्टर इंडिया के 'कैलेंडर' किरदार के रूप में पहली बार बड़ी पहचान मिली। फिल्म राम-लखन तथा साजन चले ससुराल आदि के लिये दो बार फिल्म फेयर अवार्ड से नवाजे गए सतीश कौशिक ने निर्देशन, निर्माण, पटकथा लेखन के अलावा अभिनेता व हास्य अभिनेता के रूप में बहुआयामी भूमिका निभाई। मां-बोली हरियाणवी के प्रति उनका अपनापन व विशेष लगाव 'छोरियां छोरों से कम नहीं' जैसी हरियाणवी फिल्म दे गया। उनके गांववासियों को आज भी वह दृश्य याद है, जब उन्होंने अपने गांव के एक स्टेडियम में इस फिल्म को विशेष प्रबंधन के साथ दिन में ग्रामीणों को दिखाया था। इतना ही नहीं, इससे पहले उन्होंने सरकार से शहीद महेशपाल स्टेडियम के लिए करीब डेढ़ करोड़ की ग्रांट भी दिलवाई थी। गांव के ठाकुर अतरलाल, सूबेदार सूरत सिंह, राजेंद्र नंबरदार, सतपाल आदि के जेहन में उनके साथ बिताये लम्हों की अनमोल स्मृतियां



आज भी अंकित हैं। उनके चचेरे भाई सुभाष बताते हैं कि वे संघर्षों में तपकर कुंदन बने थे। अहीरवाल के कला, साहित्य, संस्कृति तथा सिनेमा से जुड़े अनेक रचनाकारों तथा कलाकारों की स्मृति में उनसे जुड़े अनेक संस्मरण आज भी जिंदा हैं। अनेक हिंदी तथा हरियाणवी फिल्मों में विभिन्न भूमिकाएं निभा चुके अभिनेता विजय भाटोटिया आज भी उनके निर्देशन में च्हमारी बहू मालिनी अय्यरज नामक सीरियल की शूटिंग के वक्त की कई बातें नहीं भूले हैं। हरियाणवी फिल्मों में काम कर चुके वरिष्ठ रंगकर्मी गोपाल शर्मा की मानें तो एक कार्यक्रम में मंच पर सवाल-जवाब की स्मृतियां आज भी उनके मानस पटल पर ताजा हैं। 'पीहर की चुंदड़ी' सहित अनेक हरियाणवी फिल्मों तथा थिएटर से जुड़े कलाकार ऋषि सिंहल आदि को शहर के बीएमजी मॉल में फिल्म प्रमोशन के लिए पधारे सतीश कौशिक के सात हास-परिहास याद है। अभिनेता-अधिवक्ता रणजीत सिंह आज भी यह नहीं भूलते कि हरियाणवी फिल्म च्माटी करे पुकार केज्के निर्माण के सिलसिले में जब वे मुंबई में उनसे मिलने गए तो उनके व्यवहार व माटी के प्रेम की अभिव्यक्ति ने उन्हें नई ऊर्जा व संबल दिया। हरियाणवी संस्कृति के प्रति गहरे लगाव के तमाम किस्से हरियाणा के लोगों की जुबान पर हैं। गत वर्ष नवंबर माह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी माटी से लगाव की मिसाल तब नजर आई जब वे अपनी एक फिल्म की शूटिंग बीच में छोड़कर आए।

साहित्य, कला, संस्कृति एवं शिक्षा के मंचों पर सक्रिय नरेश कौशिक बताते हैं कि गांव से उन्हें अथाह प्रेम था, यहां उनका आना-जाना लगा रहता था। गांव के खेल आयोजनों में पधारने वाले सतीश कौशिक के फिल्मी किरदारों के अलावा निजी जीवन में हास परिहास व रौब पर ठेठ अहीरवाटी बोली में टिप्पणी करते हुए एक बुजुर्ग कहते हैं- बनवारी को छोहरो... थो टोरो हे न्यारो.. !

सतीश कौशिक ने बॉलीवुड की चमक-दमक में रहने के बावजूद हरियाणवी सिनेमा से लगाव बनाये रखा। एक बातचीत में उन्होंने कहा था कि आने वाला समय हरियाणवी सिनेमा का है। हरियाणवी बोली की धमक बॉलीवुड तक है। इस दिशा में उन्होंने सार्थक प्रयास किये भी हैं।

**सत्यवीर नाहड़िया**

# वैज्ञानिक शोध में भी कम नहीं भारत की बेटियां



जब भी समाज में महिलाओं के योगदान की बात करते हैं तो अक्सर उद्यमियों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, कलाकारों या सिनेमा से जुड़ी स्त्रियों का ही जिक्र होता है। परंतु क्या हम अपनी महिला वैज्ञानिकों के विषय में जानते हैं? दरअसल हम भूल जाते हैं भारत में विज्ञान के क्षेत्र में अद्भुत योगदान देने वाली महिला वैज्ञानिकों को। महिला दिवस पर अपनी महिला वैज्ञानिकों के योगदान को याद करना प्रासंगिक होगा।

विडंबना है कि आज भी हमारे देश ही नहीं, संसार भर में महिला वैज्ञानिक पुरुषों के अनुपात में बहुत कम हैं। पूरी दुनिया में मात्र अठाईस से तीस प्रतिशत ही वैज्ञानिक शोधों में महिलाएं दिखाई देती हैं। भारत में तो आंकड़ा मात्र 12-13 प्रतिशत ही है। हालांकि दसवीं-बारहवीं के परीक्षा परिणाम आते हैं तो विज्ञान हो या कला, हर बार छात्राएं, छात्रों से बाज़ी मार लेती हैं। लेकिन बड़ी कक्षाओं तक आते-आते विज्ञान तो विज्ञान, लड़कियां शिक्षा में ही पिछड़ जाती हैं।

यूं भी जब लैंगिक अनुपात ही ठीक-ठाक स्थिति में नहीं, तो शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में समानता की बात बेमाने है। असल में, समाज में महिला वैज्ञानिकों को रोल मॉडल के रूप में भी प्रस्तुत नहीं किया जाता। पितृसत्तात्मक समाज भी महिलाओं के मस्तिष्क में वैज्ञानिक सोच उभरने न देने का दोषी है। यदि किसी परिवार में दो में से एक बच्चे की शिक्षा का खर्च उठाने की क्षमता होती है तो वह पुत्र को ही शिक्षित करता है। पुत्री को विज्ञान शिक्षा न देकर प्राइवेट रूप से शिक्षा दिला देता है। यह भी समझ लिया जाता है कि लड़की के बस का विज्ञान नहीं। वहीं महिला वैज्ञानिकों के साथ भी कम भेदभाव नहीं होता। 1930 में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन को सब जानते हैं परंतु उन्हीं के साथ काम कर चुकी वैज्ञानिक अन्ना मणि को मुट्ठी भर लोग भी शायद ही जानते हों। दरअसल, वैज्ञानिक शोध अधिक समय और दायित्व की मांग करते हैं। कोई स्त्री वैज्ञानिक बनने की राह पर चल भी पड़ी हो तो भी, जब उस पर पारिवारिक दायित्व आता है तो घर वाले उसका सहयोग नहीं करते और उसे अपना शोध त्यागना पड़ता है।

सरकार द्वारा कई उपाय किए गये ताकि हमारे देश में महिला वैज्ञानिकों की संख्या में वृद्धि हो सके। जैसे उन संस्थाओं को अच्छी रैंकिंग देना जिनमें महिला वैज्ञानिक अधिक हों। सरकार की ओर से महिला वैज्ञानिकों को आर्थिक मदद और फ़ेलोशिप भी दी जा रही है। हर बरस 'महिला विज्ञान कांग्रेस' का आयोजन किया जाता है। विशिष्ट महिला वैज्ञानिकों के नाम पर सरकार पीठों की स्थापना कर रही है। इन पीठों के लिए विभिन्न क्षेत्रों से संस्थाओं को चुना गया है।

1932 में जन्मी डॉ अर्चना शर्मा एक जानी - मानी साइटोजेनेटिक्स या कोशिकानुवांशिकी की शोधकर्ता थीं। उन्होंने क्रोमो?ेम के अध्ययन की नई तकनीक का विकास किया था। वे पद्मभूषण से सम्मानित हुईं। जानकी अम्माल अग्रणी बॉटेनिस्ट थीं। गन्ने की नई मीठी प्रजाति के लिए उन्हें ही श्रेय जाता है। क्रास ब्रीडिंग के शोध के लिए उन्हें संसार भर में मान्यता मिली। साल 1861 में जन्मी डॉ कादम्बिनी गांगुली चिकित्सक बनने वाली पहली दो महिलाओं में से एक थीं। ऐसे ही 1941 में जन्मी दर्शन रंगनाथन ऑर्गेनिक कैमिस्ट थीं। उन्हें प्राकृतिक बायोकैमिकल प्रक्रियाओं को करने के लिए जाना जाता है। वर्ष 1917 में जन्मी डॉ आसिमा चटर्जी ने ऑर्गेनिक कैमिस्ट्री और फाइटोमेडिसिन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया। मिर्गी के लिए दवाई और मलेरिया की रोकथाम के लिए औषधियां बनाई। अन्ना मणि एक मौसम विज्ञानी थीं, उन्होंने सौर विकिरण, वायु ऊर्जा और ओज़ोन पर उल्लेखनीय कार्य किया। 1922 में जन्मी डॉ. राजेश्वरी चटर्जी पहली महिला इंजीनियर थीं। उन्हें माइक्रोवेव और एंटिना इंजीनियरिंग के लिए जाना जाता है।

समकालीन युग में भी अनेक महिला वैज्ञानिक हैं जिन्होंने भारतीय विज्ञान की दिशा और दशा दोनों को बदल कर रख दिया। इनमें बतौर राकेट वूमन जानी जाने वाली रितु करिघल, चन्द्रयान मिशन 2 की निदेशक मुथैया वनिता, मंगल मिशन में मुख्य भूमिका निभाने वाली,जी सैट 10 और 12 की निदेशक रहने वाली अनुराधा टीके, मंगलयान की सफलता गढ़ने वाली मीनल सम्पत, मिसाइल महिला और अग्निपुत्री के नाम से विख्यात टेसी थॉमस। साल 2022 में गगनयान लांच करने जा रही लतांबिका एआर, एडवांस लांचर टेक्नोलोजी की विशेषज्ञ हैं। किरण मजूमदार शॉ जिन्होंने जैवप्रौद्योगिकी में विशिष्ट योगदान किया, कैंसर और मधुमेह पर कई शोध किए। इंदिरा हिंदुजा को कौन भुला सकता है, जिन्होंने भारत में पहली बार टेस्ट ट्यूब बेबी सम्भव करके न जाने कितने संतानहीनों को संतान सौंपी। अदिति पंत एक समुद्र विज्ञानी रहीं उनके शोध के कारण ही अंटार्कटिका पर दक्षिण गंगोत्री स्टेशन की स्थापना हो सकी। यही नहीं, कल्पना चावला, भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स आदि हमारी कई भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने नासा तक पहुंच बनाई है।

महिलाओं के प्रति यह धारणा कि वे विज्ञान या गणित में पिछड़ी हुई होती हैं, जानबूझकर फैलाया हुआ भ्रम है। समान अवसर पाकर भारतीय महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे आज व्यापार, राजनीति,शिक्षा, साहित्य, खेल, चिकित्सा, विज्ञान आदि से लेकर देश की रक्षा पंक्तियों तक में उपस्थित हैं। परंतु स्त्रियों के लिए चुनौतियां अभी और भी हैं।

**-निर्देश निधि**

# आपका राशिफल 14 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-6-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-1-2-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। शुभांक-2-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-4-9

## फिल्म वर्ग पहेली - 6102




**बायें से दायें:-**

१. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-२,१,१
३. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-२,३
६. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
८. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश में और' गीत वाली फिल्म-२
९. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बबीता की फिल्म-४
१२. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-३
१३. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-४
१५. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-२
१८. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२१. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२३. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-२
२४. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-३
२६. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-२
३०. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-२,२
२. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-२
३. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-२
४. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-३
६. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-४
९. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
१३. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-२
१६.'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-२,२
१७. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-४
१८. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
२०. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-२
२६. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-३
२८. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 6101



Jagrutidaur.com, Bangalore

# जीवनशैली में सुधार से कैंसर की हार

भारत में कैंसर के बढ़ते मामले आम जनता के साथ विशेषज्ञों के लिये भी चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। टाटा मेमोरियल कैंसर रिसर्च इस्टीच्यूट मुबंई के मुताबिक, हर साल देश में 10 लाख से लेकर 13 लाख तक मामले कैंसर मरीज़ों के सामने आते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, कैंसर सैकड़ों तरह का होता है और इनके लक्षण भी अलग-अलग होते हैं। जिक्र कैंसर के प्रमुख प्रकार ओरल कैंसर का ही करें तो बीते कुछ सालों में जिस रफ्तार से मुंह के कैंसर के मामले बढ़े हैं, उसने इसके विभिन्न कारणों पर और ज्यादा गौर करने की जरूरत पर बल दिया है।



आहार-विहार की विकृतियां

देश में सबसे ज्यादा मामले ओरल कैंसर के सामने आ रहे हैं। जिसमें से अधिकतर का कारण तंबाकू या बीड़ी-सिगरेट का सेवन है। इसके अलावा खराब डाइट का कैंसर के बढ़ने के कारणों में एक बड़ा योगदान है। वहीं तेजी से शहरीकरण व सुस्ती भरा लाइफस्टाइल ब्रेस्ट कैंसर को बढ़ावा दे रहा है। इसी के साथ देर से शादी और देर से बच्चे पैदा करना या बर्थ कंट्रोल जैसे चलन हावी हुए।

राहत की बात

करीब 10 साल पहले सर्विक्स कैंसर के सबसे ज्यादा मामले महिलाओं में देखे जाते थे लेकिन हाईजीन और जागरूकता बढ़ने के बाद अब इन मामलों में कमी देखने को मिल रही है। दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों में पीएचसी, ईएसआई अस्पताल खुलने और डॉक्टरी सेवाएं मिलने से भी मरीज़ों को वक्त रहते लक्षण पता चल जाते हैं। दूसरी तरफ पंचायतें, स्थानीय निकाय, आंगनवाड़ी और आशा वर्कर्स भी अवेयरनेस फैलाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। मुंबई के टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल और डीईए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर व नोडल ऑफिसर डॉक्टर गणेश कहते हैं कि 2012 के बाद महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर सबसे कॉमन कैंसर के तौर पर देखने को मिल रहा है।

आनुवंशिक और मोटापे के जोखिम

ब्रेस्ट कैंसर के मामले में डॉ गणेश फैमिली हिस्ट्री यानी आनुवंशिकता पर जोर देते हुए इसे बड़ा कारण मानते हैं। वे करीब 40 साल से कैंसर रिसर्च से जुड़े तथ्यों पर काम कर रहे हैं। डॉ गणेश के मुताबिक, जीन म्यूटेशन, देर से संतान होना या जल्दी मेनोपॉज होना व मोटापा इसके बड़े कारण हैं। दरअसल, मोटापे के कारण ब्रेस्ट डेंसिटी बढ़ने से कैंसर टिशूज़ बढ़ने का खतरा रहता है। वहीं बॉडी मास इंडेक्स बहुत मायने रखता है। क्योंकि हेल्दी व्यक्ति का बीएमआई 18.5-25 के बीच होता है। इससे ऊपर बीएमआई हो तो व्यक्ति मोटापाग्रस्त है और कैंसर का खतरा भी ज्यादा है। ओरल कॉन्ट्रसेप्टिव का देर तक इस्तेमाल भी खतरनाक है। कुछ लोग हारमोन रिप्लेसमेंट थैरेपी करवाते हैं। खासकर मेनोपॉज के बाद इस थैरेपी का सहारा लेते हैं, जो ब्रेस्ट कैंसर का बड़ा कारण बनती है। बच्चे पैदा न करना व शराब का सेवन भी बड़े कारण हैं। वहीं नवजात को ब्रेस्टफीड न करवाने से ब्रेस्ट कैंसर के चांस और बढ़ जाते हैं।मोटापा बढ़ाकर कैंसर का खतरा पैदा करने में हमारे खानपान व अन्य दिनचर्या की बड़ी भूमिका है। इसमें ज्यादाा फैट वाली और रिच डाइट लेना शामिल है तो कोई व्यायाम न करना व वजन नियंत्रित न रखना भी शुमार है। दरअसल अपने लाइफस्टाइल को सुधार कर मोटापे से होने वाले कैंसर से तो बचा ही जा सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6616

✱ ✲ ✲ ✲ ✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6615 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |




**विचार प्रवाह**

पाकिस्तान में जितने आतंकवादी नहीं होंगे उससे अधिक हमारे देश में गद्दार है। जो देश का खाता हो और पाकिस्तान जैसे मुल्कों का बजाता हो वह गद्दार नहीं तो और कौन है? हमें आतंकवादियों से कम, गद्दारों से ज्यादा खतरा है। भारत तेरे टुकड़े होंगे, इन्सा अल्लाह.... इन्शा अल्लाह... जैसे देश विरोधी नारे लगाने वालों पर नकेल जरूरी है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7654




**बाएँ से दाएँ**

1.कलाकार,अदाकार-4
4.फूलों की छोटी माला,वेणी-3
6.पैर,पांव-2
7.अधिकार-2
9.खानाबदोश,बंजारा-4
11.राशन,खाद्य सामग्री-3
12.टेसू के फूल-3
13.कपोल,रुखसार-2
14.विजय-2
15.डोली उठाने वाले-3
17.जल प्रपात-3
18.गठबंधन-4
21.पानी,जल-2
23.नौका-2
24.देह,काया,शरीर-3
25.अगुवा,राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1.उपवास का खाना-4
2.झुका हुआ-2
3.व्यवहार-3
4.समयघोष-3
5.मार्ग,पथ-2
8.गागर,घड़ा,घट-3
9.स्मारक-4
10.हत्या,कत्ल-2
12.पत्तों के गिरने का मौसम-4
15.कथा,गाथा-3
16.अष्टम-2
18.नामचीन-4
19.रवाना होना-3
20.विदूषक,मसखरा-3
22.ईश्वर,भगवान-2
23.बटन,स्विच-2

शब्द पहेली -7653 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

### एसआई और उसके परिवार की मौत बनी पहेली

# पिता बोले- धुरेड़ी पर बेटे ने नाती का बर्थडे साथ मनाने को कहा था, साले ने कहा- तीनों की हत्या हुई

■ भोपाल, ईएमएस।

भोपाल पुलिस मुख्यालय की स्पेशल ब्रांच के एसआई सुरेश खांगुड़ा और उसके परिवार की मौत पहेली बन गई है। फिलहाल कोई कारण सामने नहीं आया है। शनिवार दोपहर एसआई के पिता पीएम हाउस के बाहर सीने पर हाथ रखकर फफकते रहे। उन्होंने कहा- धुलेंडी पर बेटे से बात हुई थी। बेटे ने कहा था कि इवान (पोते) का बर्थडे साथ में मनाएंगे। वहीं, रोते हुए एसआई मां बोली कि मेरा तो सब कुछ चला गया।

प्राथमिक जांच में पुलिस मान रही है कि सब इंस्पेक्टर सुरेश खांगुड़ा (32) ने पहले पत्नी कृष्णा (28) और बेटे इवान (2) की हत्या की। बाद में खुद ट्रेन के सामने कूद गए। वहीं, एसआई के साले का कहना है कि इस केस में कोई चौथा शख्स भी शामिल है। उसने तीनों की हत्या की आशंका जताई है।

पड़ोसियों ने बताया कि तीन-चार दिन पहले किसी बात को लेकर दंपती बीच झगड़ा हुआ था। शुक्रवार शाम को टीवी का साउंड भी इतना तेज था कि झगड़े की आवाज, चीख-पुकार सुनाई नहीं दी। मामले में अब भी कई सवाल अनसुलझे हैं। फिंगर प्रिंट, एफएसएल, पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शनिवार को देरी की वजह से शवों का पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका। रविवार सुबह पीएम किया गया।



**समधी से लिपटकर रोते रहे एसआई के पिता**

सब-इंस्पेक्टर सुरेश के पिता मोहन लाल सूर्यवंशी हमीदिया शव परीक्षण गृह पहुंचे। वह गाड़ी से उतरकर ही फफक-फफक कर रोने लगे। सीने में हाथ लगाए वह बैठे रहे। बेटे, बहू, नाती का शव देखने की वह हिम्मत नहीं जुटा सके। सब-इंस्पेक्टर सुरेश के पिता मोहन लाल सूर्यवंशी हमीदिया शव परीक्षण गृह पहुंचे। वह गाड़ी से उतरकर ही फफक-फफक कर रोने लगे। सीने में हाथ लगाए वह बैठे रहे। बेटे, बहू, नाती का शव देखने की वह हिम्मत नहीं जुटा सके।शाम करीब सवा पांच बजे सब इंस्पेक्टर सुरेश के पिता मोहनलाल सूर्यवंशी आगर मालवा के बूंदीकला गांव से हमीदिया अस्पताल पहुंचे। कार से उतरते ही वह बहू के पिता (समधी) शिवलाल वर्मा से लिपटकर रोने लगे। बोले- धुलेंडी के दिन बेटे सुरेश से बात हुई थी। वह बहुत खुश था। बताया था कि होली खेली है। नाती इवान का 17 मार्च को बर्थडे साथ में मनाने के लिए बोला था। बर्थडे पर वह गांव आने के लिए बोला था। बेटा ऐसा नहीं कर सकता। सुरेश की मां रेशमबाई ने कहा- मेरा सब कुछ चला गया। बेटा-बहू को कोई परेशानी नहीं थी। दोनों खुशी-खुशी रह रहे थे।

### तीन साल में कॉन्स्टेबल से बने एसआई

सुरेश का बड़ा भाई गोकुल खांगुड़ा पेशे से पटवारी है। गोकुल ने बताया कि सुरेश पढ़ने में होशियार था। उसने गणित विषय से बीएससी की थी। वर्ष 2013 में उसका चयन कॉन्स्टेबल के लिए हुआ था। उसकी पोस्टिंग इंदौर में थी। बाद में 2016 में उसका एसआई में सिलेक्शन हुआ। इसके बाद से वह भोपाल में रहने लगा। वह क्लास्ट की भी तैयारी कर रहा था। वह बहुत खुश रहता था। कोई परेशानी होती, तो हमें जरूर बताता।

### गोकुल पूरी कहानी पर जताया संदेह

सुरेश के बड़ेभाई गोकुल ने पूरे घटनाक्रम में सवाल उठाए। उन्होंने पुलिस से हर बिंदु पर जांच करने की मांग की।गोकुल ने पूरे घटनाक्रम पर संदेह जताया है। उन्होंने सवाल उठाया कि सुरेश के पास सर्विस रिवॉल्वर थी। ऐसे में मीट काटने वाले चाकू से हत्या क्यों करेगा? फिर सुसाइड करने उतनी दूरी क्यों जाएगा?



## विद्यार्थियों ने कहा- वस्तुनिष्ट प्रश्नों के कारण गणित का पेपर आसान रहा

■ भोपाल, यशभारत।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं गणित का पेपर शनिवार को आयोजित किया गया।गणित के पेपर को लेकर विद्यार्थियों में डर था, लेकिन परीक्षा के बाद सभी के चेहरे पर सुकून नजर आया।75 अंक के पेपर में 30 अंक का वस्तुनिष्ट प्रश्न पूछे गए थे,जिसे विद्यार्थियों ने आसानी से कर लिया। वहीं दो, तीन या चार अंक के प्रश्न भी आसान थे।प्रदेश भर में 28 और सबसे अधिक भोपाल जिले में आठ नकल प्रकरण बनें।इसमें शासकीय उमावि सोहाया में छह,चित्रांश हाईस्कूल में एक और रैंकर्स स्कूल बैरसिया में एक नकल प्रकरण बना है।10वीं में करीब 11 लाख विद्यार्थी शामिल हुए।वहीं 13 मार्च सोमवार को 12वीं का बायोटेक्नोलाजी, गायन-वादन व तबला पखावज का पेपर होगा।विद्यार्थियों का कहना है कि सभी सवाल अच्छे पूछे गए थे। एक भी सवाल पाठ्यक्रम के बाहर से नहीं पूछा गया थाा।वस्तुनिष्ट प्रश्नों के कारण पेपर आसान हो गया।

## अभिभावकों ने अदला-बदली की किताबें

■ भोपाल, यशभारत।

निजी स्कूलों ने अभिभावकों को किताब खरीदने के लिए सूची थमाने लगे हैं। हर साल अभिभावकों को महंगी किताबें खरीदनी पड़ रही है। इस बार मप्र पालक महासंघ ने एक अनोखी पहल की है। महासंघ की ओर से राजधानी के चिनार पार्क में बुक एक्सचेंज मेला का आयोजन किया जा रहा है। पालक महासंघ ने पर्यावरण के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए और अभिभावकों को किताबों के लिए मोटी कीमत देने से बचाने के लिए शनिवार को इस मेले का आयोजन किया गया है। इसमें राजधानी के 30 स्कूलों के अभिभावक शामिल हुए हैं। सभी अपनी पुरानी किताबों को लेकर पार्क पहुंचें हैं।अभिभावकों ने एक-दूसरे से किताब बदलकर मोटी रकम को खर्च होने से बचा लिया। इस पहल को पूरे प्रदेश के अभिभावकों तक पहुंचाने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। महासंघ का मानना है कि हर साल हम नई किताब खरीदते हैं और पुरानी किताबें रद्दी के भाव बेंच देते है। इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारी एवं सदस्य संरक्ष? महेश अग्रवाल, अध्यक्ष कमल विश्वकर्मा, सुनीति तिवारी, नरेश जैन, प्रबोध पंड्या,दीपेश विजयवर्गीय, शिवकुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### निजी स्कूलों को भी एक्सचेंज मेला लगाना चाहिए

पालक महासंघ का कहना है कि पुरानी किताबें अन्य बच्चों के काम आ जाती है,इसलिए किताबों का आदान प्रदान होना चाहिए।अभिभावकों पर शिक्षा का इतना बड़ा बोझ बन गया है कि वे हर साल नई किताब खरीदने के लिए परेशान हो जाते हैं। इस बुक एक्सचेंज मेला से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ में कमी और पर्यावरण संरक्षण भी होता है।प्रतिवर्ष कितने पेड़ काटकर किताबों का कागज बनाया जाता है, उस पर भी रोक लगेगी।सभी स्कूलों में समान किताब हो समान पाठ्यक्रम और समान परीक्षा हो। यह अभियान स्कूलों द्वारा स्वयं चलाया जाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार ने कैदियों की मजदूरी बढ़ाई

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश सरकार ने कैदियों की मजदूरी ब?ा दी है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया, कुशल कैदियों की मजदूरी 120 रु. से बढ़ाकर 154 रु./दिन की गई है। अकुशल कैदियों को 72 रु. की जगहए 92 रु./दिन दिए जाएंगे। वर्तमान में मध्यप्रदेश की जेलों में 21 हजार कैदी हैं। 13 मार्च को कांग्रेस के राजभवन घेरने के ऐलान पर नरोत्तम मिश्रा ने कहा, उनके प्रदेशाध्यक्ष चार दिन से दुबई में बैठकर इस आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं, इससे ही इसकी गंभीरता का पता चलता है। कांग्रेस के पुराने आंदोलन की तरह ही इस आंदोलन का हश्र होगा। सिवनी से NI की हिरासत में लिए गए युवकों के बारे में गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि युवक गिरफ्तार नहीं, बल्कि हिरासत में लिए गए थे। अजीज सेल्फी और शोएब खान को जबलपुर तक ले गए थे। पूछताछ के बाद दोनों को नोटिस देकर छोड़ दिया है। तीसरे व्यक्ति अकरम से भी पूछताछ की गई थी। इसे भी नोटिस देकर बेंगलुरू बुलाया गया है। इनके हार्ड डिस्क, कई सिमकार्ड, मेमोरी कार्ड लगभग 26 आर्टिकल जब्त करके ह्ढ्ढ ले गई है।

### कांग्रेस के राजभवन घेराव के ऐलान पर नरोत्तम ने कसा तंज



■ भोपाल, यशभारत।

मप कांग्रेस कमेटी कल यानी 13 मार्च को राजधानी में राजभवन का घेराव करने की तैयारी में है। इसको लेकर कांग्रेस के नेता रणनीति बनाने में जुटे हैं। वहीं इस मुद्दे पर प्रदेश के गृहमंत्री और भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा ने तंज कसा है और कहा कि कांग्रेस के पिछले प्रदर्शनों की तरह इस प्रदर्शन का भी हश्र होगा। मीडियाकर्मियों से नियमित चर्चा के दौरान जब एक पत्रकार ने कांग्रेस के राजभवन घेराव की घोषणा को लेकर नरोत्तम की प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने मुस्कराते हुए कहा- च मैंने भी सुना है कि कांग्रेस कोई प्रदर्शन/घेराव करने जा रही है। ट्विटर पर, फेसबुक पर, व्हाट्सएप पर चल रहा है। कांग्रेस इस आंदोलन को लेकर कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके प्रदेश अध्यक्ष चार दिन से दुबई में बैठकर इसकी तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस के सभी आंदोलनों का जो हश्र हुआ है, इसका भी वही हश्र होगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह विंध्य में डेरा डालते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने में जुटे हैं। इसको लेकर भी नरोत्तम मिश्रा ने चुटकी ली और कहा कि यह मैं नहीं, बल्कि दिग्विजय सिंह स्वयं कह चुके हैं कि वे जहां जाते हैं, वहां कांग्रेस के वोट कट जाते हैं।

### नवरात्र की मां दुर्गा मंदिरों में शुरू हुई तैयारियां, फूलों से होगा मातारानी रोजाना श्रृंगार

■ भोपाल, यशभारत।

चैत्र नवरात्र की तैयारियां शहर के मंदिरों में शुरू हो गई हैं। सोमवारा जय भवानी मंदिर में मातारानी का रोजाना फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। इसके लिए कई क्विंटल फूलों की व्यवस्था मंदिर समिति व ट्रस्ट ने की है। गुलाब, गेंदा, सेवंती, सूरजमुखी सहित अन्य प्रजातियों के फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। चैत्र नवरात्र के पूजन के दौरान इंटरनेट मीडिया पर लोग जय भवानी मंदिर में विराजी मातारानी के दर्शन कर सकेंगे। इंटरनेट मीडिया का काम देखने वाले प्रकाश मालवीय ने बताया कि चैत्र नवरात्र में मातारानी की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। धार्मिक अनुष्ठान पूरे नौ दिनों तक लोग लाइव देख सकेंगे।

### पेसा कॉर्डिनेटर भर्ती में कांग्रेस का बड़ा आरोप

## युकां प्रदेश अध्यक्ष बोले- BJP के रिश्तेदार-कार्यकर्ताओं को भर्ती किया

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश में आदिवासियों के लिए बने पेसा एक्ट में पेसा कॉर्डिनेटर भर्ती में कांग्रेस ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने शनिवार को भोपाल में कहा कि BJP के कार्यकर्ता और रिश्तेदारों को गलत तरीके से भर्ती किया गया है। सरकारी खर्च पर अपनों को अंदर करने का यह नया तरीका अपनाया गया है। इससे प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ है। वहीं, कुल 119 नियुक्तियों में एक भी महिला नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारवार्ता में डॉ. भूरिया ने पेसा एक्ट पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आदिवासियों के हित में पेसा कॉर्डिनेटर भर्ती योजना बड़े घोटाले में तब्दील हो गई है। प्रदेश के 89 आदिवासी बाहुल्य ब्लॉकों में पेसा कानून को लागू कराने, उसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार ने रोडमेप CEDMAP के माध्यम से विधिवत आवेदन बुलाए थे। जिनसे 500 से 600 रुपए प्रति आवेदक से फीस वसूली गई। जिससे सरकार को एक करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। इंटरव्यू के लिए आवेदकों की मेरिट लिस्ट तैयार की गई। जिसमें से 890 आवेदकों को छांटकर फरवरी-22 में इंटरव्यू के लिए बुलाया भी गया, किंतु बिना कारण बताए इंटरव्यू कैंसिल कर दिए गए। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भूरिया ने कहा कि एमपीकॉन के माध्यम से आउटसोर्स से गोपनीय तरीके से एक विचारधारा विशेष



### 119 नियुक्तियों में एक भी महिला नहीं

से जुड़े 89 ब्लाक और 20 डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर के पद भर दिए गए। इन चयनित लोगों को सरकारी खजाने से जहां 25 हजार रुपए मासिक वेतन ब्लॉक कॉर्डिनेटर और 45 हजार डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर को दिया जाएगा। ये चयनित लोग पेसा कानून का प्रचार करने के बजाय भाजपा के चुनावी बूथ मैनेजमेंट का काम करेंगे। इससे स्पष्ट है कि भाजपा सरकार ने शिक्षित बेरोजगार युवाओं के साथ छल किया है। जो 119 नियुक्तियां हुई, उसमें एक भी महिला को शामिल नहीं किया गया। क्या एक भी महिला इस पद के काबिल नहीं थी?

## चिकित्सा शिक्षक का नाम केवल कागजों में पाया गया तो तीन वर्ष नहीं कर पाएंगे नौकरी

■ भोपाल, यशभारत।

आयुर्वेद, सिद्धा और यूनानी(आयुष) कालेजों में चिकित्सा शिक्षक (फैकल्टी) की नियमित उपस्थिति की जगह केवल कागजों में नाम दर्ज पाया गया तो तीन वर्ष तक नौकरी से बाहर कर दिया जाएगा। इस दौरान उनका टीचर कोड भी निलंबित कर दिया जाएगा, ताकि वे कहीं भी नौकरी नहीं कर सकें। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग



(एनसीआइएसएम) ने इस व्यवस्था को लेकर सभी कालेजों के प्राचार्य अथवा डीन को पत्र भेजा है। आयोग को आशंका है कि प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी मेडिकल कालेजों में कुछ टीचिंग फैकल्टी केवल कागजों में हैं। वर्ष 2022 में भी एनसीआइएसएम ने इस संबंध में नियम बनाए थे। इसमें यह व्यवस्था थी कि फैकल्टी सिर्फ कागजों में मिला तो एक वर्ष के लिए टीचर कोड निलंबित किया जाएगा। यानी वह इस अवधि में कहीं नौकरी नहीं कर पाएगा। इसके अलावा छह माह का वेतन लौटाना होगा जो एनसीआइएसएम के पास जमा होगा। साथ ही ऐसे चिकित्सा शिक्षकों के लिए कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा गया था। नए आदेश में कानूनी कार्रवाई का प्रविधान यथावत है, लेकिन टीचर कोड निलंबित रखने की अवधि ब?ाई गई है। साथ ही छह माह का वेतन जमा करने का प्रविधान हटा लिया गया है। बता दें कि देशभर में आयुर्वेद, यूनानी और सिद्धा के 550 से ज्यादा कालेज हैं। चिकित्सा शिक्षा में व्यापक सुधार में एनसीआइएसएम का यह दंडात्मक कदम स्वागत योग्य है। हां, यह भी ध्यान रखना होगा कि योग्य व ईमानदार चिकित्सा शिक्षकों को परेशानी न हो।

## 2 डिग्री उछला पारा

### मप्रमें 2 दिन और तेज गर्मी का असर

■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश में दिन-रात के पारे में दो डिग्री तक उछाल आया है। राजगढ़-खरगोन के दिन सबसे गर्म है तो नर्मदापुरम, सागर और टीकमगढ़ की रातें। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो दिन और तेज गर्मी का असर रहेगा। इसके बाद 14-15 मार्च से फिर बारिश, ओले और तेज आंधी का दौर आएगा। बता दें कि 3 से 10 मार्च के बीच साउथ वेस्ट राजस्थान में प्रेरित चक्रवात बना था। इसके अलावा, उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय रहा था। इस कारण एक्टिविटी हुई। साउथ कोंकण से लेकर सेंट्रल छत्तीसग? तक ट्रफ लाइन गुजरने से सिस्टम और मजबूत हो गया। इसी की वजह से वेदर डिस्टर्ब हुआ। लगातार छह दिन तक प्रदेश में बारिश के साथ ओले गिरे और तेज आंधी भी चली। कई शहरों में तो हवा की स्पीड 70 किलोमीटर प्रतिघंटा पहुंच गई। सिस्टम लौटने के दूसरे दिन ही गर्मी का असर बढ़ा रहा। मौसम वैज्ञानिक वहीद खान ने बताया कि सोमवार को भी गर्मी का असर रहेगा। खासकर रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी।



भोपाल में रविवार को तेज गर्मी का असर रहेगा, जबकि सोमवार से मौसम बदलेगा और बादल छा जाएंगे। इसके बाद 18 मार्च तक बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है। बदले मौसम के बावजूद दिन का तापमान 33 और रात का पारा 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, नए सिस्टम की वजह से 13 मार्च से ही मौसम बदल जाएगा। बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी और अलीराजपुर में हल्की बारिश हो सकती है।14 मार्च को भोपाल, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, दतिया, ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर, गुना, धार, झाबुआ, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, राजगढ़, रायसेन और विदिशा में बारिश होगी।15 मार्च से प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में मौसम का असर देखने को मिलेगा। 18 मार्च तक मौसम बदला सा रहेगा।

### सीएम शिवराज ने पत्नी संग गोवर्धन पर्वत की नंगे पैर परिक्रमा

## मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में श्रद्धालुओं के साथ दर्शन किए

■ भोपाल, यशभारत।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मथुरा-वृंदावन पहुंचे। उन्होंने पत्नी साधना सिंह के साथ नंगे पैर गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा और पूजा की। पूजा-अर्चना के बाद सीएम शिवराज ने लिखा- जब से प्रीत लगी मोहन से, लोभ मोह सब छूटा मन से...। सीएम और उनकी पत्नी ने कई मंदिरों में श्रद्धालुओं के साथ ही भगवान के दर्शन भी किए।सीएम शिवराज पत्नी के साथ पैदल परिक्रमा कर गोवर्धन पर्वत पर पहुंचे। यहां उन्होंने दुग्धाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। उन्होंने मथुरा और वृंदावन के कई मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन किए।**




मुख्यमंत्री चौहान और उनकी पत्नी ने काफी देर तक पूजा-अर्चना की। उन्होंने लिखा कि ब्रजभूमि मथुरा में गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर लोक मंगल की कामना की। भक्त वात्सल्य भगवान की कृपा सदा हम सब पर बनी रहे।

### अपराधियों को पहचानने में मदद करेंगे डायल-100 वाहनों में लगे सीसीटीवी

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश में लोगों को मौके पर तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिए चल रहे डायल-100 वाहनों में सीसीटीवी कैमरे भी लगेंगे। आगे चलकर इनमें ऐसा साफ्टवेयर लगाया जाएगा, जिसमें उस क्षेत्र विशेष के अपराधियों का फोटो या स्केच भी अपलोड रहेगा।जैसे ही वह व्यक्ति कैमरे की जद में आएगा, साफ्टवेयर उसे पहचान कर संकेत देगा। इससे अपराधियों को पहचानने और पकड़ने में मदद मिलेगी। बता दें कि प्रदेश में डायल-100 वाहनों के संचालन के लिए कंपनी चयन की निविदा प्रकिया पूरी हो गई है। अब केवल पुलिस महानिदेशक की स्वीकृति का इंतजार है।पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि डायल-100 वाहनों में लगे कैमरों की रिकार्डिंग भोपाल में भदभदा स्थित एकीकृत नियंत्रण एवं निगरानी केंद्र से देखी जा सकेगी। ऐसे में साफ्टवेयर द्वारा किसी संदिग्ध को चिन्हित किया जाता है तो निगरानी केंद्र से सीधा डायल-100 में मौजूद पुलिसकर्मियों को वायरलेस सेट के माध्यम से संदेश भेजा जाएगा। इसके अलावा डायल-100 का नियंत्रण कक्ष क्राइम एवं क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (सीसीटीएनएस) से भी जुड़ा रहेगा। सीसीटीएनएस में एफआइआर, चालान, घटना स्थल, अपराधियों के फोटो अपलोड हैं। इससे भी अपराधियों या संदिग्धों के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी निविदा में दो कंपनियां शर्तों पर खरी उतरी थीं। इसके बाद वित्तीय निविदा खोली गई।



# सायना में होली की पूर्व संध्या पर हुआ नरसिंह अवतार



**होलिका का दहन कर प्रहलाद को निकाला सुरक्षित**

## दूसरे दिन बच्चों ने जमकर उड़ाए फूल और गुलाल

कटनी,यशभारत। सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी अपनी संस्कृति को जानने व पहचानने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करता है। इस कड़ी में सायना के बच्चों व अभिभावको ने संगीत की मधुर धुन के बीच शिक्षकों के साथ मिलकर चंदन व फूलों की पंखुड़ियों की होली खेली। कार्यक्रम के संयोजक दिलीप कुमार झा के मार्गदर्शन में होली से एक दिन पहले होलिका दहन से पूर्व रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने गीत व नृत्य से समां बाँध दिया।




वहीं शिक्षक सतीश गुप्ता, डीसी मिश्रा, श्रीमती सहाना बासु, श्रीमती पूनम तिवारी सहित कमल सरेचा व वरिष्ठ शिक्षक राजीव तिवारी ने जम कर फाग गाई। डॉ. लोकेश दुबे के निर्देशन में नरसिंह अवतार नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें नरसिंह बने छात्र शुभ जयसवाल व हिरण्यकशिपु बने छात्र यश पटेल ने अपने शानदार अभिनय से सभी को प्रभावित किया। शिक्षक अभिनव खरे, शिवकुमार, हर्षेन्द्र यादव, सीएस पाण्डे, दिनेश शर्मा, जितेन्द्र जोशी, श्रीमती राजेश्वरी खरे एवं श्रीमती श्वेता पाण्डे अपना योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सायना के प्राचार्य डॉ0 आदित्य शर्मा ने बच्चों व शिक्षकों के साथ होलिका पूजन कर दहन किया। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह त्योहार हमें आपसी मतभेद मिटाकर मिलजुल कर रहना सिखाता है। यह होलिका बुराई का प्रतीक है हमें इसे प्रतिवर्ष जलाते हैं लेकिन इसकी सार्थकता तभी होगी जब हम अपने कुविचारों और बुराइयों को भी इस अवसर पर जला दें। कार्यक्रम का सफल संचालन गौरी नायक ओर सृष्टि त्रिपाठी ने किया। इसके बाद विधिवत होलिका दहन का आयोजन किया गया। तदोपरांत स्वरुचि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। दूसरा दिन सभी के लिए बड़ी उमंग लेकर आया। सुबह दस बजे सभी बच्चे एवं शिक्षक गार्डन में एकत्रित हुए। फिर होली के गीतों व ढोल की थाप के बीच सूखे प्राकृतिक रंगों की होली का दौर प्रारंभ हुआ। सायना के प्राचार्य ने प्राकृतिक एवं सूखे रंग से होली खेलने के महत्त्व को समझाते हुए सभी को रंग लगाए। इस बीच बच्चों ने गुझिया, सलोनी, पकोडे एवं शरबत का लुत्फ उठाया। दो घंटे की धूम के बाद बच्चे नहा-धोकर सहभोज में सम्मिलित हुए और इस प्रकार प्रसन्नतापूर्वक यह आयोजन सम्पन्न हुआ।



# कृषि स्थाई समिति की बैठक 5 अप्रेल को आयोजित

**कटनी,यशभारत।** कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत कटनी की बैठक का आयोजन 5 अप्रेल को दोपहर 12:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत कटनी के सभागार में आयोजित की गई है। सचिव कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत कटनी नें बताया कि बैठक मे पूर्व के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा, कृषि विभाग, उद्यनिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मतस्य विभाग के विभिन्न योजनाओ की समीक्षा सहित विपणन विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओ एवं बीज निगम विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

# विद्यार्थियों को बायोडायनेमिक कृषि का दिया प्रशिक्षण



**कटनी,यशभारत।** विद्यार्थियों को बायोडायनेमिक कृषि के अंतर्गत सूर्य चांद सितारों व नक्षत्रीय शक्तियों का कृषि एवं फसल उत्पादन पर प्रभाव होता है जैव सक्रिय उत्पाद मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के साथ नशीजीव प्रबंधन में भी योगदान करते हैं सींग खाद्य ऋषि कृषि पंचगव्य कृषि को बनाने एवं फसलों में उपयोग कर कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग एवं जैविक खेती का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

गाय के सींग खोल मैं नक्षत्रीय शक्तियों को ग्रहण करने की क्षमता होती है सींग खाद निर्माण के लिए क्वार नवरात्रि में गाय के सींग में गोबर भरकर नुकीला भाग ऊपर करके डेढ़ फुट भूमि में दबाकर मिट्टी से ढक देते हैं चौत्र नवरात्रि में निकालकर 30 ग्राम सींग खाद 13 लीटर पानी में मिलाकर बोने से पूर्व भूमि में छिड़काव तथा दूसरी बार 20 दिन की फसल मैं छिड़काव करने से सूक्ष्मजीवों एवं केंचुआ की संख्या में बढ़ोतरी होती है ऋषि कृषि के अंतर्गत अमृतपानी से बीज उपचार भूमि उपचार पादप उपचार तथा पंचगव्य बनाने एवं फसलों में उपयोग करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्वरोजगार आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबन के लिए स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत प्राचार्य डॉ इंद्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक विवेक चौबे तथा मंजू द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# शहीद हेमू कालाणी जन्म शताब्दी वर्ष के समापन समारोह को लेकर चर्चा

## हेमू कालानी जनशताब्दी समारोह के राष्ट्रीय संयोजक हुए बैठक में शामिल



कटनी, यशभारत। गत दिवस झूलेलाल मंदिर माधव नगर में आयोजित भारतीय सिंधू सभा की बैठक में अमर बलिदानी-हेमू कालाणी के जन्म शताब्दी वर्ष के 31 मार्च को होने वाले समापन समारोह की चर्चा हुई, जिसमें उपस्थित जनों ने सम्मिलित होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हेमू कालानी जनशताब्दी समारोह राष्ट्रीय संयोजक भगवान दास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, ननि अध्यक्ष मनीष पाठक, प्रदेश महामंत्री भारतीय सिंधु सभा महेश ठारवानी, गंगाराम कटारिया, झमटमल ठारवानी, भाजपा महामंत्री चेतन हिन्दुजा, पीताम्बर टोपनानी, खीयल चावला, नवीन मोटवानी, निखिल हिंदुजा, नीरज रोहरा, हितेश राजपाल, राजा लखानी, अजय तहलानी, जोधाराम जयसिंघानी, प्रेम जसूजा कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग ने काटे 278 उपभोक्ताओं के कनेक्शन

## 13 करोड़ राजस्व वसूलने शुरू हुई कवायद



**कटनी, यशभारत।** विद्युत विभाग शहर संभाग को माह मार्च 2023 में 13 करोड़ का राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया है। राजस्व वसूली के लिए बिजली विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र सिंह परते के निर्देश पर अधिकारी-कर्मचारी, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता आदि वसूली कर रहे हैं। शनिवार को जांच अभियान चलाकर अधिक समय से बिलों का भुगतान नहीं करने वाले लगभग 278 उपभोक्ताओं की लगभग 9.75 लाख राशि बकाया होने पर कनेक्शन काटे गए। इसके साथ 370 उपभोक्ताओं से 8 लाख की राजस्व वसूली की गई एवं अनियमितता पाए जाने पर विद्युत विभाग अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं 135 एवं 138 में पंचनामा तैयार किए गए। जिले में न्यायालय में दर्ज प्रकरणों पर पंचनामा राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग पैनल अधिवक्ताओं के माध्यम से कोर्ट के लीगल नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिसमें उपभोक्ताओं को पंचनामा राशि जमा नहीं करने पर कठोर कारावास एवं अर्थदंड जैसी सजाओं का प्रावधान है। अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता शहर संभाग ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# 5 एचपी का मीटर लगाकर पेयजल सप्लाई की गई चालू

**कटनी, यशभारत।** ग्राम कुसमा के आदिवासी टोला में मीटर स्थापित करने के संबंध में अवगत कराया गया कि ग्राम कुसमा के आदिवासी मोहल्ले में पेयजल के कनेक्शन में विद्युत मीटर स्थापित न होने के संबंध में अवगत कराया गया था जिसमें नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नलजल योजना के 5 एच.पी. के कनेक्शन में मीटर लगाकर सप्लाई चालू कर दी गई है जिसका मीटर क्रं 3226167 मेक एईडब्ल्यू है सभी ग्रामवासियों ने कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद का अभार व्यक्त किया है।

# मौसमी इन्फ्लूएंजा श्वसन संक्रमण के मरीजों में लगातार इजाफा

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले में इन दिनों हर घर में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज देखे जा सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में हर साल दो बार मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामले सामने आने आते हैं। इसका पहला दौर जनवरी से मार्च तक और दूसरा मानसून के बाद के मौसम। मौसमी इन्फ्लूएंजा से उत्पन्न होने वाले मामलों में मार्च के अंत से गिरावट आने की उम्मीद है। मौसमी इन्फ्लूएंजा एक श्वसन संक्रमण है, जो इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है। यह एक वैश्विक बीमारी है जो कई देशों में सामने आ चुकी है। कुछ महीनों के दौरान इसके मरीजों में तेज वृद्धि देखी जाती है। इन्फ्लूएंजा वायरस चार प्रकार के होते हैं-ए, बी, सी, और डी। इन्फ्लूएंजा ए और बी वायरस भारत में लगभग हर साल जनवरी से मार्च और मानसून के बाद के मौसम में लोगों में बीमारी की मौसमी महामारी का कारण बनते हैं। भारत में अब तक इसके कारण दो मरीजों की मौत हुई है। हरियाणा और कर्नाटक में ये मामले सामने आने के बाद अलर्ट है मौसमी इन्फ्लूएंजा छोटे बच्चे और बुजुर्गों को निशाना बनाता है। मंत्रालय के अनुसार, इस बीमारी के इलाज में ओसेल्टामिविर दवा ली जाती है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी अनुशंसित किया है। यह दवा भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के माध्यम से मुफ्त में उपलब्ध कराई जाती है। इन्फ्लुएंजा वायरस को आमतौर पर कम खतरनाक माना जाता है, लेकिन इस साल संक्रमण से पीड़ित रोगी लंबे समय तक खांसी, लगातार बुखार और अन्य जटिलताओं की शिकायत हो रहे हैं।

# मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार, स्कूलों में बढ़ी बच्चों की कतार

## बच्चों को मिलने वाला एमडीएम रोज चखते हैं कलेक्टर



**कटनी, यशभारत।** प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना मध्यान्ह भोजन को सार्थक बनाने कलेक्टर कटनी द्वारा की गई अनुकरणीय पहल जिले में अपना प्रभाव छोड़ने में सफल होती दिख रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद की इस पहल से जिले के विशेषकर शहर के शासकीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जो बच्चों की बेहतर होती शिक्षा व्यवस्था के रूप में भी परिलक्षित हो रहा है। कटनी जिले में अपनी पदस्थापना के साथ ही देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा लगातार नवाचार किए जा रहे हैं, जो अब अपना व्यापक रंग दिखा रहे हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद के नवाचार से जिले की शिक्षा व्यवस्था काफी सुदृढ़ हुई है। इनमें से ही एक नवाचार है कलेक्टर द्वारा शहर के सरकारी स्कूलों में वितरित होने वाले मध्यान्ह भोजन को प्रतिदिन चखना। उल्लेखनीय है कि जिले में अपनी पदस्थापना के बाद पहले ही स्कूल भ्रमण में कलेक्टर श्री प्रसाद ने पाया था कि शहरी क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में वितरित होने वाला मध्यान्ह भोजन न तो रुचिकर था और न ही गुणवत्ता और पौष्टिक स्तर पर उपयुक्त । जिसके बाद मध्यान्ह भोजन वितरित करने वाली संबंधित एजेंसी को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नोटिस जारी कर ये व्यवस्था शुरू की गई, जिसके तहत अब कलेक्टर श्री प्रसाद बच्चों को वितरित होने वाला मध्यान्ह भोजन प्रतिदिन स्वयं लंच के रूप में चखते हैं। कलेक्टर की इस पहल के बाद से जिले में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में काफी सुधार आ गया है और अब जिले में बच्चों को मीनू के आधार पर रुचिकर और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### पहले कभी नहीं थी इतनी उपस्थिति

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा की गई इस पहल से अब जहां मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आया है तो वहीं इसका सीधा असर शासकीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति में हुई उत्साहजनक वृद्धि के रूप में देखने को मिल रहा है। विगत दो माह में शहर की शासकीय शालाओं में बच्चों की उपस्थिति में औसतन 5 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वहीं कई स्कूलों में अब करीब 90 फीसदी से अधिक विद्यार्थी स्कूल पहुंच रहे हैं जबकि दो माह पूर्व तक ये दर करीब 73 फीसदी ही थी। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2022 तक शहरी क्षेत्र के शासकीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति दर्ज संख्या के विपरीत 62.12 प्रतिशत थी जो अब बढ़कर फरवरी 2023 में 66.72 प्रतिशत तक जा पहुंची है। पूर्व में मध्यान्ह भोजन की न्यून गुणवत्ता की वजह से जहां अभिभावक बच्चों को घर से प्रतिदिन टिफिन बनाकर भेजते थे तो वहीं अब एमडीएम की गुणवत्ता में आए सुधार के बाद घर से टिफिन लाने वाले बच्चों की संख्या लगभग न के बराबर पहुंच चुकी है।

### इन स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति में हुई अप्रत्याशित वृद्धि

यूं तो शहर के लगभग सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि दर्ज हुई है। लेकिन कुछ स्कूलों में हाजिरी के उत्साहजनक और उल्लेखनीय आंकड़े सामने आए हैं। शासकीय प्राथमिक शाला विलगंवा में विद्यार्थियों की उपस्थिति दिसंबर 22 में जहां 73.6 प्रतिशत थी जो फरवरी 23 में 81.9:, माध्यमिक शाला बरगवां में उपस्थिति 55.5: से बढ़कर 73.8:, प्राथमिक शाला बरगवां में उपस्थिति 45.7: से बढकर 70.7:, शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी में उपस्थिति 65.3: से बढ़कर 75.9:, प्राथमिक शाला अमकुही 72.7: से बढ़कर 89.6:, प्राथमिक शाला बंधवा टोला में उपस्थिति 74.05: से बढ़कर 83.7:, शासकीय बीजी अग्निहोत्री प्राथमिक शाला में 78: से बढ़कर 91.2:, माध्यमिक शाला कुठला में उपस्थिति 72: से बढ़कर 93.75: तक विगत दो माह में जा पहुंची है। (नोट - प्रत्येक शाला में पहला आंकड़ा दिसंबर 2022 की उपस्थिति के और बाद वाला आंकडा फरवरी 2023 का है।

### अभिभावकों से भी लिया जा रहा फीडबैक

लगातार मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के संबंध में अभिवावकों से भी फीडबैक लिया जा रहा है। अभिभावकों के संतोषप्रद फीडबैक पर कलेक्टर खुश नजर आए। खुद अभिभावकों ने एमडीएम में आए इस सुधार पर आश्चर्य जताते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रति अपना आभार जताया है। शासकीय प्राथमिक शाला टिकरिया के विद्यार्थियों के परिजनों ने तो यहां तक कहा कि पहले न कभी बच्चे इतने खुश होकर रोजाना स्कूल जाते थे और न ही स्कूलों में इतना अच्छा मध्यान्ह भोजन मिलता था। अभिवावक अनिता कोल, अंजली, संगीता, रजनी आदि ने कहा कि अब उन्हें बच्चों के लिए टिफिन बनाने की चिंता नहीं रहती।



# भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे प्रदेश महामंत्री, लिया पदाधिकारियों से परिचय

**कटनी, यशभारत।** कल भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी का कटनी आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने कटनी पहुंचे श्री सबनानी को जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने भाजपा परिवार की ओर से अभिनंदन किया। इसके बाद प्रदेश महामंत्री ने जिले के पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए उन्हे संबोधित किया। श्री सबनानी ने कहा कि मध्यप्रदेश और देश की भाजपा सरकारी निरंतर हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए निरंतर कार्य में जुटी है। हाल ही में प्रदेश में लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई जो कि किसी भी राज्य में महिलाओं को सीधा फायदा पहुंचाने वाली पहली योजना है। प्रदेश और देश की सरकार के कार्यों तथा जनता कि हितों की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य भाजपा कार्यकर्ताओं को निरंतर करना चाहिए। श्री सबनानी ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। विपक्षीदल अपने झूठ का पुलिंदा खोलेंगे लेकिन हमारी सरकार के कार्यों से हम इसका जवाब दे सकते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री टंडन ने बताया कि कटनी जिले में कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी से अंत्योदय की कल्पना को साकार करने में जुटे हैं किसी भी दुष्प्रचार का कड़ा जवाब देंगे। इस अवसर पर जिले के पदाधिकारी वरिष्ठ भाजपा जन उपस्थि थे।

## मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के आवेदन 24 मार्च तक

# दुकानों में राशन भेजने युवाओं को बैंकों से मिलेगा लोन




**कटनी, यशभारत।** मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के क्रियान्वयन हेतु म.प्र.स्टेट सिविल सपलाईज कार्पोशन के प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकानों पर खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री के परिवहन हेतु बेरोजगार युवकों को बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर वाहन दिये जाने है। जिसके आवेदन ऑनलाईन 24 मार्च तक साइट पर किया जा सकता है। वाहनों के निर्धारित रूट शासकीय उचित मूल्य की दुकानों मे राशन सामग्री का प्रदाय किया जायेगा। कटनी सी.डव्ल्यू सी केन्द्र हेतु विकासखंड रीठी के लिए सेक्टर क्रमांक 1 व 2, कटनी सी.डव्ल्यू सी केन्द्र हेतु विकासखंड कटनी के लिए सेक्टर क्रमांक 3 व 4, विकासखंड बडवारा के लिए सेक्टर क्रमांक 5, 6 एवं 7 विकासखंड विजयराघवगढ के लिए सेक्टर क्रमांक 8,9 व 10 निर्धारित किये गए है। इसी तरह स्लीमनाबाद सी.डव्ल्यू सी केन्द्र हेतु विकासखण्ड बाहोरीबंद के लिए सेक्टर क्रमांक 11,12 एवं 13 तथा स्लीमनाबाद सी.डव्ल्यू सी केन्द्र हेतु विकासखण्ड ढीमरखेडा के लिए सेक्टर क्रमांक 14 एवं 15 निर्धारित किये गए है। योजना के तहत आवेदन हेतु निर्धारित अहर्ता के तहत आवेदक संबंधित सेक्टर की जनपद पंचायत का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की उम्र 18 से 45 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। परिवार की अधिकतम वार्षिक आय रू. 12 लाख रूपये, हैवी मोटर व्हीकल संचालन हेतु स्थाई वैध लायसेंस धारक, बैंक से ऋण प्राप्त करने की पात्रता के तहत डिफाल्टर न हो, शासकीय सेवक और पेंशनर न हो, सेवानिवृत्त सैनिक को पात्रता, आवेदक अन्य स्व-रोजगार योजना में लाभांवित नहीं होना चाहिए तथा आवेदक अपराधिक प्रवृति एवं पृष्ठभूमि का नहीं होना चाहिए। हितग्राही को वाहन मुख्यमंत्री उदयम क्रांति योजनांतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें ऋण अवधि 7 वर्ष होगी तथा ब्याज अनुदान 3 प्रतिशत वार्षिक, ऋण गारंटी ( जी.जी.टी.एम.एस.ई) शुल्क की वापसी, विभाग द्वारा अधिकतम 1.25 लाख रूपए प्रति वाहन मार्जिन मनी अनुदान दिया जायेगा ।जिसमें हितग्राही द्वारा 1.25 लाख रूपये प्रति वाहन मार्जिन मनी जमा करना होगी। बैंक के माध्यम से अधिकतम 25 लाख रूपये की कीमत के वाहन उपलब्ध कराये जायेंगे। हितग्राही को 7.5 में टन क्षमता का वाहन क्रय करना होगा। खाद्यान्न मात्रा एवं दूरी अनुसार 45 से 65 रूपए प्रति क्विंटल परिवहन एवं हैण्लिंग व्यय देय होगी। अन्य योजना के खद्यान्न, शक्कर, नमक के परिवहन पर विभाग द्वारा निर्धारित परिवहन व्यय का भुगतान किया जावेगा। सैक्टरवार परिवहन एवं हैण्डलिंग दरें पोर्टल पर उपलब्ध है। विभाग द्वारा सूचीबद्ध वाहनों में से हितग्राही द्वारा वाहन का चयन किया जावेगा। राशन सामग्री के परिवहन हेतु हितग्राही से 7 वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा। अन्य योजना के खाद्यान्न शक्कर, नमक के परिवहन पर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु वाहनों पर प्रदर्शन योजना के संबंध में जानकारी विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है। योजना के संबंध मे जानकारी कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0755-2551471 पर प्राप्त की जा सकती है।

# छात्राओं ने जमकर खेली होली



**कटनी, यशभारत।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में छात्र संघ के द्वारा रंगपंचमी को विगत 6 वर्षों से मनाया जा रहा है इसी परंपरा को आगे बढ़ाते महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में रंगपंचमी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रिंसिपल साधना जैन एवं किरण खरादी, आंजनेय तिवारी, विनीत सोनी, विमला मिंज के द्वारा मां सरस्वती जी को नमन कर फूल माला व रंग अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।महाविद्यालय शिक्षक को गुलाल लगाकर छात्राओं द्वारा टीचर्स से आशीर्वाद लिया। यूं तो हर महाविद्यालय में वार्षिक समारोह, यूथ फेस्टिवल होते है लेकिन कन्या महाविद्यालय एक ऐसा स्थान हैं जहां होली का त्योहार एक परिवार के रूप में अनेकता में एकता का प्रदर्शन करते हुए मनाया जाता है। और सही मायने में यही भारत देश की पहचान है जहा हर त्यौहार हर्ष और उल्लास के साथ जाति, रंग, रूप का भेद किए बिना मनाए जाते हैं। कार्यक्रम में अंशिका, कार्यक्रम संयोजक श्रुति शिवहरे, औषि अग्रवाल मेनका ठाकुर, अंकिता सहित सैकड़ों छात्राएं मौजूद रहीं।

## सतीश कौशिक को याद कर भावुक हुए अमिताभ

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

महानायक अमिताभ बच्चन हाल ही में चोटिल हो गए थे। हालांकि, अब वह पहले से बेहतर हैं। वह अपनी हेल्थ अपडेट अपने ब्लॉग के द्वारा दे रहे हैं। इस बार अपने ब्लॉग में बिग बी ने दिवगंत अभिनेता सतीश कौशिक को भी यादकर उनके लिए एक इमोशनल नोट लिखा है। अमिताभ ने अपने ब्लॉग में सबसे पहले सतीश कौशिक को श्रद्धांजलि दी। जिसके बाद उन्होंने लिखा, और हमने एक और खो दिया है...एक शानदार कंपनी, सबसे कुशल कलाकार और अपने करियर के चरम पर...सतीश कौशिक...आपके साथ काम करना बहुत प्रेरणादायक था...और ऐसी सीख...मेरी प्रार्थनाए। बता दें कि, अमिताभ बच्चन और सतीश कौशिक ने फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में साथ काम किया था।



## अंशुला के रैंप पर आते ही भाई अर्जुन ने बढ़ाया उनका हौसला

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

लैक्में फैशन वीक 2023 में अभिनेता अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर ने अपने हुस्न का जलवा बिखेरते हुए पूरी महफिल लूट ली। अंशुला के रैंप पर आते ही भाई अर्जुन ने उनका बहुत हौसला बढ़ाया, जिसका वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में अंशुला शिमरी टॉप और स्कर्ट में नजर आ रही है। अंशुला ने मिनिमल मेकअप किया हुआ है और बालों को खुला छोड़ा हुआ है। इस लुक में अर्जुन की बहन गॉर्जियस लग रही है। अंशुला जैसे ही रैंप पर आती है अर्जुन खड़े होकर बहन को चीयर करने और तालियां बजाने लगते हैं। भाई-बहन के बीच की प्यारी बॉन्डिंग देखकर हर कोई तारीफ कर रहा है। बता दें लैकमे फैशन वीक में कई बॉलीवुड हस्तियों ने शिरकत की, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा, नेहा धूपिया, सान्या मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी, रकुल प्रीत सिंह, नीहारिका एनएम और विजय वर्मा शामिल हैं।



## दर्शकों का प्यार पाकर खुश है काजल

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

छोटे परदे की अभिनेत्री काजल चौहान वर्तमान में मेरी सास भूत है शो में गौरा की भूमिका निभा रही हैं। काजल ने अपने सह-अभिनेता विभव रॉय के साथ ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में बात की। काजल ने साझा किया कि हालांकि वे ऑफ-स्क्रीन अलग हैं, लेकिन उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री सभी को पसंद है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि दर्शक विभव और मुझे बहुत पसंद करते हैं क्योंकि स्क्रीन पर हमारी केमिस्ट्री कमाल की है। जबकि हम दोनों धारावाहिक में अपने पात्रों का अनुसरण करने के लिए बहुत मेहनत करते हैं और अपनी केमिस्ट्री को पर्दे पर उतारते हैं, जो कलाकारों के रूप में हमारे बीच काफी समान है, हमारी व्यक्तिगत विचारधारा वास्तविक जीवन में एक दूसरे से बहुत अलग है। मोल्क्की की अभिनेत्री ने अपने सह-अभिनेता की प्रशंसा की और कहा कि वह उन्हें एक परिपक्व अभिनेता मानती हैं और उन्हें एक कलाकार के रूप में उनसे बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।



## यूएस टूर को लेकर खुश है सनी लियोन

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

एक्ट्रेस सनी लियोन अमेरिका टूर पर है। उनके शेड्यूल के मुताबिक, सनी 11 मार्च को ऑस्टिन में, 12 मार्च को डलास में, 17 और 18 मार्च को ह्यूस्टन में और 19 मार्च को शिकागो में पब्लिक अपीयरेंस देंगी। वेन्यू पहले से ही बुक हो चुके हैं, आयोजक कुछ और शहरों को जोड़ने पर विचार कर रहे हैं। टूर के बारे में बात करते हुए सनी ने कहा, अमेरिका में रहना मेरे लिए हमेशा खुशी की बात रही है। टूर पर मुझे अलग-अलग तरह के लोगों से बातचीत करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा, अमेरिका में भी अलग-अलग कल्चर है, मुझे अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों से मिलने का मौका मिलता है। वे मुझ पर जिस तरह का प्यार बरसाते हैं, उसे देखकर अच्छा लगता है। यह मुझे खुशी देता है, यह मुझे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है।



# मुंबई में शेफाली का सुपरहिट शो, 28 गेंद पर जड़ दिए 76 रन; दिल्ली ने 77 गेंद शेष रहते गुजरात को हराया

मुंबई, एजेंसी। ऑलराउंडर मरिजाने कैप की कातिलाना गेंदबाजी और शेफाली वर्मा के आतिशी बल्लेबाजी से दिल्ली कैपिल्टस ने शनिवार को महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 10 विकेट से हरा दिया। दिल्ली ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में 77 गेंद शेष रहते ही मैच को अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट उसकी चार मैचों में यह तीसरी जीत है। वहीं, गुजरात की चार मैचों में तीसरी हार है। गुजरात ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। गुजरात की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 105 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 7.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 107 रन बना लिए। शेफाली वर्मा ने 28 गेंद पर 76 रन बनाकर दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात जाएंट्स के खिलाफ धमाकेदार जीत दिलाई।



### शेफाली का स्ट्राइक रेट 271.43 का रहा

मुंबई में शेफाली का सुपरहिट शो दर्शकों को देखने को मिला। उन्होंने 19 गेंद पर ही अर्धशतक पूरा कर लिया था। शेफाली ने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 271.43 का रहा। उनके साथ पारी की शुरुआत करने आई कप्तान मेग लैनिंग 15 गेंद पर 21 रन बनाकर नाबाद रहीं। उन्होंने तीन चौके लगाए।

### पावरप्ले में ही दिल्ली ने 87 रन बना दिए

शेफाली की तूफानी पारी का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि दिल्ली ने 106 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पावरप्ले यानि शुरुआती छह ओवर में ही 87 रन बना लिए थे। यह महिला प्रीमियर लीग में अब तक पावरप्ले में किसी टीम द्वारा बनाया गया सर्वाधिक स्कोर है।

### ऐसी रही गुजरात की पारी

इससे पहले गुजरात के लिए किम गर्थ ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। जॉर्जिया वेयरहम ने 22 और हरलीन देओल ने 20 रन बनाए। तनुजा कंवर ने 13 रनों का योगदान दिया। चार बल्लेबाजों के अलावा कोई भी दहाई का आंकड़ा नहीं छू सकीं। दिल्ली के लिए मरिजान कैप ने कातिलाना गेंदबाजी की। उन्होंने पांच विकेट लिए। शिखा पांडे को तीन सफलता मिली। राधा यादव को एक विकेट मिला।

# नाथन लायन ने दिया अटपटा बयान, कहा चौथे टेस्ट में इंदौर से बेहतर गेंदबाजी हुई

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला अहमदाबाद में खेला जा रहा है। इस मैच में टीम इंडिया ने शानदार वापसी की है। मैच के तीसरे दिन टीम इंडिया ने 3 विकेट के नुकसान पर 289 रन बना लिए है। भारतीय बल्लेबाजों ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को जमकर धोया है। इसके बावजूद ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन को लगता है कि उन्होंने इस मैच में अब तक अच्छी गेंदबाजी की है। उन्होंने यहां तक की कह दिया कि इंदौर के मुकाबले इस मैच में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है।



### क्या बोले लायन

नाथन लायन ने इस मैच के तीसरे दिन भले ही 30 ओवर डालने के बाद भी एक विकेट ही हासिल किया हो लेकिन उन्हें लगता है कि भारत की पहली पारी के दौरान उनका प्रयास इंदौर के मुकाबले ज्यादा अच्छा था। जहां उन्होंने स्पिन पिच पर टीम इंडिया के 11 विकेट लिए थे। लियोन ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा कि यह संयम रखने वाला मैच है। उन्हें लगता है कि उन्होंने आज इंदौर से बेहतर गेंदबाजी की। उन्होंने आगे कहा कि अहमदाबाद की पिच पर अपने बेसिक्स के अनुसार ज्यादा लंबे समय तक अच्छी गेंदबाजी करनी थी। उन्हें लगता है कि इस तरह के टेस्ट मैच का नतीजा अंतिम आधे घंटे में तय होता है और अभी यह मैच बराबरी पर चल रहा है। अनुभवी ऑफ स्पिनर ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह मैच अभी बराबरी पर हैं, वह जानते हैं कि भारत में मैच काफी तेजी से बदल सकता है इसलिए यहां पर लंबे समय तक संयम बरतने की बात है। उप महाद्वीपीय हालात में काली मिट्टी लाल मिट्टी की तुलना में ज्यादा समय तक जुड़ी दिखती है और यहां पर उन्होंने यही चीज सीखा है। स्पिनरों को हिट करने के लिए ज्यादा पैरों के निशान नहीं हैं। लियोन को भरोसा है कि इस मैच का नतीजा निकलेगा जिसमें अभी दो दिन का खेल बचा है।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा यह मैच अभी बराबरी पर है। दोनों टीमों के बीच इस मैच का नतीजा किसी भी ओर मुड़ सकता है। मैच की स्थिति को देखते हुए माना जा रहा है कि यह मैच पांचवें दिन तक चल सकता है। भारत को ङ्खञ्जष्ट के फाइनल में जाने के लिए यह मैच जीतना होगा। वरना श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड की टीम एक भी मैच ड्रॉ करवा देती है तो भारत ङ्खञ्जष्ट के फाइनल में पहुंच जाएगा।

# एपीएल क्रिकेट लीग:रेड, डायमंड व एक्का टीम ने अपने मुकाबले जीते



**जबलपुर, यशभारत।** जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में रानीताल क्रिकेट मैदान में खेली जा रही एपीएल क्रिकेट लीग में ,रेड, डायमंड व एक्का टीम ने अपने मुकाबले जीतकर पूरे अंक बटोरे। प्रथम मैच में टीम ग्रीन एवं टीम रेड के बीच खेला गया टीम ग्रीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिए जिसमे टीम ग्रीन ने 15 ओवर में 122 रन बनाये टीम ग्रीन से अंशुमान सिंह ने 56 रन बनाये टीम रेड से अतुल 3 विकेट लिए टीम रेड ने 123 रन बनाकर मैच जीत लिया टीम रेड से मोहित ने 46 रन बनाया मोहित विस्वकर्मा को मैन ऑ? था मैच का पुरस्कार राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष एवं संघ के अद्यक्ष श्री आर के सिंह सैनी जिला अधिवक्ता संघ के सचिव राजेश तिवारी ने प्रदान किया। दूसरे मैच में टीम ब्लैक एवं टीम डायमंड के बीच खेला गया जिसमे टीम ब्लैक 15 ओवर में 74 रन बनाये टीम ब्लैक से प्रवेश ने 15 रन बनाये टीम डायमंड से महेंद्र चौबे 2 विकेट लिए टीम डायमंड ने मैच जीता टीम डायमंड से महेंद्र चौबे ने 26 रन बनाये महेंद्र चौबे को मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया आज के तीसरे मैच में टॉस जीतकर टीम एक्वा ने 111 रन बनाये जिसमे कार्तिक 57 रन वाइट से जे पि 4 विकेट लिए जबाब में टीम वाइट कुल 70 रन बनाए इस प्रकार टीम ए?्वा विजय रही कार्तिक को मैन ऑफ थी मैच का पुरस्कार दिया गया आज के मैच के मैंन ऑफ थे मैच का पुरस्कार संघ के अद्यक्ष एवं सचिव ने प्रदान किया।

## लैनिंग ने जीत पर खुशी जतायी

**मुम्बई (ईएमएस)।** दिल्ली कैप्टिल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) क्रिकेट में गुजरात जायंट्स के खिलाफ मिली 10 विकेट की जीत पर खुशी जतायी है। लैनिंग ने इस मैच में शानदार बल्लेबाजी करने वाली शेफाली वर्मा और पांच विकेट लेने वावी ऑलराउंडर मारिजैन कप्प की जमकर प्रशंसा की है। जीत के बाद मेग लैनिंग ने कहा, दूसरे छोर से देखने के लिए यह एक बहुत अच्छा शो था। मैं दूसरे छोर से सिर्फ इन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा रही थी। इस दौरान हमें आक्रामक बल्लेबाजी देखने को मिली। मैंने इन खिलाड़ियों से कहा कि इसे सरल रखें। स्थिर रहें और गेंद को सीधा मारें। मुझे अभी भी इससे उबरना है। ऐसा लग रहा था जैसे नई गेंद का विकेट हो। हमें बस यह तय करना था कि हमें क्या करना है। शेफाली ने इसे बहुत कठिन नहीं बनाया। यदि आप गलती करते हैं तो लक्ष्य का पीछा करना कठिन हो जाता है। है। कैप ने अच्छी लेंथ से गेंदबाजी की। जिस प्रकार की विकेट थी उसपर ऐसी ही लैंथ अच्छी रहती है।

# टीम यंग हीरोज व यंग स्टार्स ने जीता महापौर आजाद कप 2023

**जबलपुर, यशभारत।** महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू एवं आजाद ग्रुप के सयुंक्त तत्वावधान में शिवाजी मैदान, सदर में 01 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित महापौर आजाद कप टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में यंग हीरोज व यंग स्टार्स विजेता बना। इस प्रतियोगिता में एक साथ 2 हिस्सों में सुबह 36 टीमों ने व शाम को 20 टीमें शामिल हुई प्रतियोगिता का पहला फाइनल मुकाबला यंगस्टर्स और ईगल के बीच खेला गया जिसमें टीम यंगस्टर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार जीत दर्ज की जिसमें नगद 21000/- व ट्रॉफी दी गई, उपविजेता ईगल को नगद 11000/- व ट्रॉफी प्रदान की गई। मैच के हीरो अनुज रहे जिन्होंने 50 रन की पारी खेली, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व प्लेयर ऑफ द सीरी? राजा टीम ईगल से, व सरश्रेष्ठ गेंदबाज नसीम टीम यंगस्टर्स से रहे। महापौर आजाद कप में सारी व्यवस्थाएं एवं इनाम की राशि महापौर जगत बहादुर सिंह न्यू के द्वारा स्वयं वहन की गई। दूसरे फाइनल में टीम यंग हीरोज ने टीम डीएक्स मीजान को हराकर महापौर आजाद कप का खिताब अपने नाम किया जिसमें नगद 100000/- रुपये ट्रॉफी एवं उपविजेता को नगद 31000/- ट्रॉफी प्रदान की गई। टॉप 16 टीमों को 1000/- रु., टॉप 8 टीमों को 2000/- रु. एवं टॉप 4 टीमों को 3500/- रु. के नगद इनाम दिया गया। प्लेयर ऑफ द मैच टेबू टीम यंग हीरोज, प्लेयर ऑफ द सीरीज सुमित टीम मीजान, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गोलू टीम यंग हीरोज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज गौरव टीम मीजान से रहे।आजाद ग्रुप से महेश सोनी, अतुल पटेल,जितेंद्र पटेल,राजेन्द्र रजक कल्लू, देवेंद्र काछी,गुरु कुशवाहा, संदीप माली,रितेश मालवीय, अमित यादव,डॉक्टर विश्वनाथ,देव प्रयाग शुक्ला, राजेश भारद्वाज,गोपाल पटेल, रिंकू टांक, किरीट राठौ?, राजीव बिल्थरे, मन्नू,कपिल राव, किशन कहार,बंटी कैलिश,सोमू ठाकुर, मोनू विश्वकर्मा, रोशन, शैली,शैलेन्द्र नागवंशी, योगेश चौबे,अंकित श्रीवास्तव, विपिन पटेल, लखन अवस्थी, नीरज पटेल, उपस्थित रहे।अम्पायर की भूमिका गोलू दीवान,अनुज मरकाम,निक्की एवं मोनू ने निभाई।



# वीमेंस प्रीमियर लीग,शुरुआती ट्रेंड में विदेशी खिलाड़ियों की धूम, टॉप-5 रन स्कोरर में भारतीय नहीं

**मुंबई, ईएमएस।** वीमेंस प्रीमियर लीग में लगभग एक तिहाई मैच पूरे हो गए हैं। कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना था कि ये लीग महिला क्रिकेट में अहम बदलाव लाएगी। यही मानना ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली का भी है, जिन्होंने लीग शुरू होने से पहले ही इसे गेमचेंजर करार दे दिया था। लीग का महिला क्रिकेट पर क्या असर होगा ये भविष्य की बात है।

### ऑस्ट्रेलिया की लेनिंग टॉप रन स्कोरर, भारत की हरलीन छठे स्थान पर

लीग की टॉप रन स्कोरर ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मैग लेनिंग हैं, जो 3 मैच में 185 रन बना चुकी हैं। इसी तरह लीग में सबसे ज्यादा रन बनाने की सूची में भी भारतीय खिलाड़ी अब तक खेले गए टूर्नामेंट में पिछड़ रही हैं। लीग में हरलीन देओल सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय हैं। उन्होंने 3 मैच में 143 की स्ट्राइक रेट 113 रन बनाए हैं। हालांकि, लीग में टॉप-5 रन बनाने वाली खिलाड़ियों में कोई भारतीय नहीं है। हरलीन इस सूची में छठे स्थान पर हैं। टॉप-10 की सूची में केवल 3 भारतीय हैं।



7वें स्थान पर 103 रन के साथ शेफाली वर्मा हैं और 10वें स्थान पर जेमिमा रोड्रिग्ज हैं। मुंबई इंडियंस की शाइका इशाक ने इस समय लीग में 9 विकेट के साथ पर्पल कैप पहना हुआ है। सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली टॉप-10 में इशाक के अलावा कोई भारतीय नहीं है।

### 2008 आईपीएल की तरह ही हो रहे हैं एकतरफा मुकाबले

वीमेंस प्रीमियर लीग में भी आईपीएल के पहले सीजन की तरह ही एकतरफा मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। अभी तक कुल 8 मुकाबलों में गुजरात और यूपी के बीच हुआ मैच ही एकतरफा देखने को नहीं मिला। इस मैच में ग्रेस हैरिस ने आखिरी ओवर में यूपी को जीत दिलाई थी। लीग का पहला मुकाबला गुजरात ने 143 रन से गंवाया था। आठ में से तीन मुकाबलों में लक्ष्य केवल 15 ओवर तक चेज कर लिया गया है। 4 में से 3 बार 200+ का स्कोर चेज करने वाली टीम 40+ रनों के अंतर से हारी है।

### 200+ रन के लिए बिग बैश को लगे 3 सीजन

फ्रेंचाइजी लीग में वीमेंस प्रीमियर लीग अन्य लीगों से बेहतर साबित हो रही हैं। महिला बिग बैश लीग के पहले सीजन में एक भी 200+ स्कोर देखने को नहीं मिला था। बिग बैश को पहले 200+ स्कोर तक पहुंचने के लिए तीन सीजन का समय लगा था। तीसरे सीजन के 32वें मुकाबले में सिडनी ने 206 का स्कोर छुआ था, जबकि वीमेंस प्रीमियर लीग के पहले मैच में ही मुंबई ने 207 रन बना दिए थे। साथ ही, महिला लीग क्रिकेट के इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स के दो स्कोर टॉप-5 में शामिल हैं। फ्रेंचाइजी लीग में वीमेंस प्रीमियर लीग अन्य लीगों से बेहतर साबित हो रही हैं। महिला बिग बैश लीग के पहले सीजन में एक भी 200+ स्कोर देखने को नहीं मिला था। बिग बैश को पहले 200+ स्कोर तक पहुंचने के लिए तीन सीजन का समय लगा था। तीसरे सीजन के 32वें मुकाबले में सिडनी ने 206 का स्कोर छुआ था, जबकि वीमेंस प्रीमियर लीग के पहले मैच में ही मुंबई ने 207 रन बना दिए थे।

आज भी नम्बर 1 यश भारत सफलता के 16 वर्ष पूर्ण

# सिटी न्यूज

यश भारत

www.yashbharat.com कटनी, सोमवार 13 मार्च 2023 फोन- 230033



# पेंचवर्क पर पेंच, निगम मद या जन सहयोग से सुधर रही सड़क

## महापौर ने नहीं किए रिपेयरिंग की फाइल में दस्तखत, आयुक्त कह रहे- नगर निगम मद से हो रहा पेंच वर्क



चांडक चौक से घंटाघर जाने वाले मार्ग पर पेंच वर्क का काम तेजगति से जारी है।

**कटनी,यशभारत।** लंबी कवायद के बाद चांडक चौक से घंटाघर जाने वाली सड़क में पेंच वर्क शुरू हुआ तो इसके पीछे भी नई कहानी सामने आ रही है। डामरीकरण से पहले पेंच वर्क का काम लगभग साढ़े 7 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है, परंतु इस कार्य की फाइल ही अब तक कंपलीट नहीं हुई है। सूत्र बता रहे हैं कि महापौर की पहल पर चैत्र नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों को देखते हुए सड़क की मरम्मत के कार्य में जन सहयोग की बात सामने आ रही है, जबकि इस मामले में नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे का कहना है कि यह कार्य नगर निगम मद से कराया जा रहा है। वस्तुस्थिति चाहे जो हो किन्तु पेंच वर्क से फिलहाल इस सड़क से गुजरने वालों को फौरी राहत तो मिल ही जाएगी।

नगर निगम सूत्रों के मुताबिक चांडक चौक से घंटाघर जाने वाले मार्ग में डामरीकरण का कार्य लगभग डेढ़ माह बाद कराया जाना है। इसके पहले पार्षदों, मेयर इन काउंसिल सदस्यों तथा क्षेत्रीय नागरिकों की मौजूदगी में हुई बैठक में तय किया गया था कि नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए पहले सड़क पर पेंच वर्क करा दिया जाए ताकि पर्व के दौरान यह सड़क चलने लायक बन सके। एमआईसी की बैठक में यह भी तय हुआ था कि सड़क निर्माण के पहले सीवर लाइन का काम करा दिया जाएगा जिससे बाद में नवनिर्मित सड़क को क्षति न पहुंचे। पूर्व में महापौर प्रीति सूरी ने इस मार्ग पर सीसी सड़क के निर्माण की मंशा जताई थी ताकि लंबे समय तक भारी वाहनों के दबाव के बावजूद यह सड़क खराब न हो। उनकी इस मंशा को हालांकि परिषद ने कई लोगों का साथ न मिल पाने के कारण सीसी सड़क के बजाय डामरीकरण को ही मंजूरी देनी पड़ी। सूत्रों के मुताबिक पेंच वर्क के काम में करीब साढ़े सात लाख रुपये की लागत का प्रस्ताव तैयार किया गया है, किन्तु कल तक इस पर न तो महापौर के हस्ताक्षर हो पाए थे और ना ही कमिश्नर के, लेकिन मार्ग में रिपेयरिंग का काम शुरू हो चुका है। वैसे इतनी छोटी राशि के व्यय के प्रस्ताव को मंजूरी देने का अधिकार नगर निगम आयुक्त के पास स्वयं है तब इसकी फाइल महापौर प्रीति सूरी के पास भेजा जाना आश्चर्यजनक है। पता चला है कि महापौर ने बिना दस्तखत किए ही यह फाइल वापस कर दी थी और उन्होंने जनसहयोग के माध्यम से ही पेंच वर्क कराने की पहल कर दी। उल्लेखनीय है कि नगर निगम के कामकाज में एक लाख से ऊपर के किसी भी प्रस्ताव को टेंडर में लाना आवश्यक होता है। अगर पेंच वर्क के काम को टेंडर में लाया जाता तो करीब एक सप्ताह से ज्यादा का वक्त लग जाता और तब तक नवरात्रि करीब आ जाती ऐसे में काम नहीं हो पाता। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि कतिपय लोगों ने डामरीकरण का कार्य करने वाले ठेकेदारों पर भी अपरोक्ष रूप से दबाव बनाया कि वे पेंच वर्क के काम को ना करें। बहरहाल सड़क में सुधार को लेकर क्षेत्र के आंदोलनरत नागरिकों को सुधार की पहल से फिलहाल राहत मिली है।

यश भारत
खास खबर



# बिरूहली और जगुआ के बीच टाइगर सफारी बनाने की मांग

**कटनी,यशभारत।** प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह से कटनी अल्प प्रवास के दौरान विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने खितौली वन परिक्षेत्र के ग्राम बिरूहली और जगुआ के बीच टाईगर सफारी बनाने का मांग पत्र सौंपा। श्री पाठक ने मंत्री विजय शाह को बता खितौली जोन के ग्राम बिरूहली और जगुआ के बीच ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र में टाइगर सफारी बनाए जाने को आपार संभावना है बाधवगढ़ नेशनल पार्क से सटे हुए खितौली वन परिक्षेत्र का एरिया जोकि जंगल के प्राकृतिक विविधताओं से भरपूर इस क्षेत्र में ईको टूरिज्म सुविधाओं को विस्तार देकर टाइगर देखने के लिए सैलानियों को लुभाने की योजनाओं को बढ़ाया जा सकता है। जिसपर वन मंत्री विजय शाह ने प्राथमिकता से इस मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। मप्र शासन जल्द ही टाइगर सफारी बनाने की योजना पर विचार कर रही है। इसी दृष्टि से कटनी जिले के खितौली जोन के अंतर्गत आने वाला यह क्षेत्र बाधवगढ़ नेशनल पार्क से सटे होने एवं प्राकृतिक खूबसूरती से भरपूर यह स्थान ईको टूरिज्म के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति में टाईगर सफारी टूरिज्म को विकसित करने की काफी संभावनाएं हैं। देश के मध्य भाग में स्थित होने के कारण इसे आसपास अन्य पर्यटन स्थलों से जोड़कर सर्किट के रूप में भी विकसित किया जा सकता है। टाइगर सफारी से यहां पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ ही रोजगार और विकास की संभावनाओं में बढ़ोत्तरी होगी।

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

REQUIREMENT
We require an male or female Tally/Busy software accountant ability to work on computer & internet.
Salay- 10000/-
Contact no. 9425465227

# नौकरी के झांसे में आकर ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे बेरोजगार

## ऑनलाइन काम करके पैसे कमाने का झांसा दे रहे साइबर ठग

**कटनी, यशभारत।** इंटरनेट के जरिए घर बैठे ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर जालसाज लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। आठ घंटे काम करके खासी कमाई करने की लालच दी जाती है। शुरूआत में काम का पैसा दिया जाता हे लेकिन उसके बाद तीन-चार महीनें काम करवाने के बाद कंपनी गायब हो जाती है, जिससे कई बेरोजगारों का मेहनताना डूब रहा है। साइबर सेल में ऐसी कई शिकायतें आ रही है, जिसमें लालच में फंसे लोगों को जालसाजों में अपना शिकार बनाया है। घर बैठे पैसा कमाने का ऑफर ऑनलाइन ठगी का नया पैटर्न बन रहा है। ऑनलाइन ठगी के नए तरीके में सोशल मीडिया पर मैसेज, लिंक और फोन कर ग्राहक तलाशे जा रहे हैं। आसानी से कमाई के चक्कर में लोग जालसाजों के झांसे में फंस रहे हैं। पुलिस की यह परेशानी है कि पहले तो लोग पैसों के लालच में जालसाजों के बताए ऑफर का जिक्र नहीं करते। जब उनके साथ ठगी हो चुकी होती है तब वे घटनाएं बताते हैं। जिस मोबाइल नंबर और ऑनलाइन एड्रेस से फ्राड हुआ है तब तक ठग उसे बंद कर चुके होते हैं। ऐसे में ठगों का पता लगाना मुश्किल होता है।

### आठ घंटे काम का झांसा

इंटनेट के जरिए ठगी करने वाले लोग लोगों को 8 घंटे काम करने का झांसा दे रहे हैं। वे घर बैठे डाटा एंट्री, कंपनियों की सेल्स बढ़ाने, ऑनलाइन मार्केटिंग, यू टयूब और इंस्टाग्राम पर वीडियो और रील्स पर लाइक कराने जैसा काम सौंपते हैं। जिसके बदले उन्हें ज्यादा पैसा देने की लालच देते हैं।

### सबसे ज्यादा झांसे में आती हैं महिलाएं

साइबर सेल टीम का कहना है कि घर बैठे काम का झांसा देने वालों के रडार पर महिलाएं ज्यादा हैं। जालसाजों जानते हैं कि इनमें ज्यादातर महिला गृहणियां हैं या फिर बेरोजगार हैं। इस तरह से ठगी से बचने के लिए लोगों को जागरूक होना पड़ेगा।

# मां के साथ आत्मदाह करने कोतवाली पहुंचा सिरफिरा युवक

## हड़कंप: माचिस जलाने के पहले पुलिस ने पकड़ा



**कटनी,यशभारत।** कोतवाली परिसर में रविवार की दोपहर 12 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेलकर मां के साथ आत्मदाह करने पहुंच गया। यह तो गनीमत रही कि उस पर पुलिस की नजर पड़ गई और तत्परता दिखाते हुए माचिस जलाने से पहले ही उसे दबोच लिया गया। इसके बाद भी वह मां के साथ परिसर में तेज धूप में पड़ा रहा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आजाद चौक निवासी सौरभ गुप्ता एक शादीशुदा महिला से एकतरफा प्रेम कर रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार वह उसे बदनाम कर रहा है। लगातार थाना, एसपी कार्यालय से लेकर भोपाल मुख्यालय तक ड्रामे कर रहा है। सौरभ रविवार को मां किरण गुप्ता के साथ कोतवाली थाने पहुंचा। अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेल लिया और आत्मदाह करने की धमकी देने लगा, तभी पुलिस की नजर पड़ गई और उसे पकड़ लिया। पानी डालकर पेट्रोल साफ किया। जिला अस्पताल में मुलाहिजा कराते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 309 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### टीआई की गाड़ी में बम फेंकने की भी दे चुका है धमकी

गौरतलब है कि सिरफिरे सौरभ ने कुछ दिनों पहले कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह की गाड़ी में बम फेंकने की धमकी दी थी। सौरभ ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया था। इस पर पुलिस ने आरोपी सौरभ गुप्ता पर अपराध पंजीबद्ध किया है। जिसमें कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह अपने ही थाने में फरियादी बने हैं। टीआईं अजय सिंह ने बताया कि यह कहते हुए युवक थाना परिसर में घुसा की महिला से शादी कराओ नहीं तो आत्महत्या कर लूंगा। हैरानी की बात तो यह है कि धमकी देने वाले आरोपी सौरभ गुप्ता को गिरफ्तार नहीं किया गया। इस मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि मां उसकी बच्चे से लिपट जा रही थी, कह रही थी कि उसे भी बंद करो। इसलिए अभी गिरफ्तारी नहीं की गई।

बाजार नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बड़गांव, जनपद पंचायत रीठी जिला, कटनी में प्रतिवर्ष लगने वाले पशु बाजार की नीलामी 16.03.2023 को दोपहर 12 से ग्राम पंचायत भवन में शुरू की जानी है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर बोली लगा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए ग्राम पंचायत बड़गांव में कार्यालयीन समय पर संपर्क करें।

सरपंच- सचिव
ग्राम पंचायत बड़गांव, जनपद पंचायत रीठी, जिला कटनी (म.प्र.)

# बस की टक्कर से युवक घायल

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम विलायतकलां में बस की टक्कर से युवक घायल हो गया है। युवक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय संतोष प्रसाद चौधरी विलायतकलां खुर्द थाना बड़वारा बस की टक्कर लगने से घायल हो गया है। युवक ने बताया कि काम करके घर जा रहा था। तभी बड़वारा थाना के आगे पांडेय बस ने टक्कर मार दी। दो लोगों को गंभीर चोट आई है। घायलों को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां से हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

# पूछताछ में बाबू ने उगले कई राज

## कोषालय में गबन के अन्य मामलों का भी हो सकता है खुलासा

**कटनी, यशभारत।** जिला कोषालय से फर्जी बिल लगाकर लाखों रुपए का गबन करने के आरोपी धीरज सिंह की चार दिन की रिमांड लेकर पुलिस ने पूछताछ की है। न्यायालय से रिमांड मिलने के बाद पुलिस आरोपी सहायक ग्रेड-3 धीरज सिंह को अपने साथ लेकर माधवनगर थाना पहुंची। पुलिस आरोपी से गबन को लेकर लंबी पूछताछ की है। पूछताछ में कोषालय के और भी गबन के मामले उजागर होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। दूसरी ओर गबन के प्रकरणों के बीच जिला कोषालय अधिकारी संजय भदौरिया छुट्टी लेकर चले गए। जिसके कारण त्योहार के पूर्व शासकीय कर्मचारियों के सेलरी नहीं हो सकी और कोषालय अधिकारी के छुट्टी पर जाने से टीओ का प्रभार सहायक कोषालय अधिकारी अभय कुजूर को सौंपा गया है। कोषालय का बाबू धीरज सिंह करीब 55 लाख रुपए के गबन में आरोपी है। धीरज सिंह पर बड़वारा विकासखंड अंतर्गत फर्जी बिल व जालसाजी करते हुए तीन अलग-अलग खातों में 28 लाख 89 हजार 552 का गबन करने व ढीमरखेड़ा जनपद अंतर्गत अंतर्गत 26 लाख 65 हजार 394 रुपए का भुगतान फर्जी बिल लगाकर झांसी, दिल्ली व अहमदाबाद के खातों में करने पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

### अब तक दो मामलों में आरोपी बनाया गया है कोषालय का बाबू

# लकड़ी बीनने जंगल गए प्रौढ़ ने लगाई फांसी

**कटनी, यशभारत।** उमरियापान थाना क्षेत्र के करौंदी के जंगल में एक प्रौढ़ ने फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। प्रौढ़ ने आत्महत्या क्यों किया, पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। एएसआई बी एस मार्को ने बताया कि मड़ेरा निवासी 62 वर्षीय छकौड़ी लाल पटेल करौंदी के जंगल साइकिल से लकड़ी बीनने गया था। जो दोपहर तक घर नही लौटा। बेटे श्रीकांत ने अपने पिता को कई बार फोन लगाया लेकिन फोन नही उठा। जिसके बाद श्रीकांत ने अपने बड़े भाई और बहनोई को इसकी जानकारी दी। बड़े भाई ने मोबाइल लोकेशन भेजी। जिसके बाद परिजन जंगल पहुंचे। जहां महुआ के पेड़ में प्रौढ़ की लाश लटकती मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर प्रौढ़ की लाश का उमरियापान अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। लाश परिजनों को सौंप दी। पुलिस की पूछताछ में मृतक के परिजनों ने बताया कि सूजन और दर्द के चलते उनके पिता बीते 3-4 दिनों से परेशान थे। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

प्रत्येक माह के चौथे रविवार महाकौशल के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर कटनी में
• एंजियोग्राफी • एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर • वाल्व प्रक्रिया
• बायपास
डॉ. अखिलेश दुबे
आयुष्मान सुविधा उपलब्ध रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें
गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल उखरी रोड, विजय नगर, जबलपुर
स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल हीरा गंज, शनि मंदिर के पास, कटनी दोपहर 12:00 से 2:00 बजे तक
जीवन ज्योति हॉस्पिटल माधव नगर, गेट के सामने, कटनी दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक
6232571740, 7489927249

SGAT
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087, 8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)